श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 191, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 06 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में किया 0.50 फीसदी का इजाफा

## रेपो रेट बढ़कर 5.40 फीसदी पर, -वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.2 फीसदी अनुमानित

**मुंबईः रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने प्रमुख नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में 0.50 फीसदी का इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के बाद रेपो रेट बढ़कर 5.40 फीसदी हो गया है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। शक्तिकांत दास ने कहा कि रेपो रेट में इजाफे का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है। रिजर्व बैंक गवर्नर ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रियल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास अनुमान 7.2 फीसदी है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 16.2 फीसदी, दूसरी तिमाही में 6.2 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.1 फीसदी और और चौथी तिमाही में 4 फीसदी व्यापक रूप से संतुलित जोखिमों के साथ होगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के पहले तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान है। इसके साथ ही उन्होंने वित्त वर्ष 2022-23 में महंगाई दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया। हालांकि, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर 5 फीसदी रहने का अनुमान है। दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था स्वाभाविक रूप से वैश्विक आर्थिक स्थिति से प्रभावित हुई है। हम उच्च महंगाई दर की समस्या से जूझ रहे हैं। हमने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान 3 अगस्त तक



13.3 अरब अमेरिकी डॉलर के बड़े पोर्टफोलियो का प्रवाह देखा है। इससे पहले आरबीआई ने रेपो रेट में 0.50 फीसदी का इजाफा कर 4.90 फीसदी कर दिया था। इस तरह रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में रेपो रेट में तीसरी बार इजाफा किया है। आरबीआई द्वारा रेपो रेट बढ़ाने से होम और कार लोन जैसे अन्य कर्ज की ईएमआई बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष की पहली एमपीसी समीक्षा बैठक में रेपो रेट को 4 फीसदी पर स्थिर रखा था। लेकिन, आरबीआई ने 2 से 3 मई, 2022 को एमपीसी की आपात बैठक बुलाकर रेपो रेट 0.40 फीसदी बढ़ाकर 4.40 फीसदी कर दिया था। इसके बाद रिजर्व बैंक ने 6 से 8 जून, 2022 को एमपीसी की बैठक में रेपो रेट में 0.50 फीसदी का इजाफा कर 4.90 फीसदी कर दिया। आरबीआई की रेपो रेट में आज की बढ़ोतरी के बाद यह 5.40 फीसदी हो गया है। बैंक नियामक की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक हर दो महीने में होती है।

## राहुल के बाद प्रियंका भी हिरासत में, देश में ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई का आतंकः कांग्रेस

# महंगाई पर कांग्रेस का हल्लाबोल





**नई दिल्लीः म**हंगाई के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली के अलावा देश के दूसरे हिस्सों में भी विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भाजपा ने इस प्रदर्शन पर पलटवार करते हुए कहा, ये सब 'ईडी' जांच से बचने के लिए हो रहा है।

सबसे पहले सोनिया ने कांग्रेसी सांसदों के साथ संसद में काले कपड़े पहनकर जमकर नारेबाजी की। उसके बाद, राहुल संसद से राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालने के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया और हिरासत में ले लिया। इसके बाद, पार्टी मुख्यालय में मौजूद प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभाला और वे अपने सांसदों के साथ पीएम आवास घेरने के लिए निकलीं, लेकिन यहां भी पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। नतीजन, वे सड़क पर ही घरने पर बैठ गईं। पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया। इस दौरान अजय माकन, सचिन पायलट, हरीश रावत, अविनाश पांडे सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं को हिरासत में लिया गया। प्रियंका को कांग्रेस मुख्यालय के सामने पुलिस ने जब रोका तो वे वहीं धरने पर बैठ गईं। प्रियंका गांधी ने पुलिस वालों से कहा कि वो सरकार से समझौता करने नहीं बैठी हैं। महंगाई का विरोध करके जनता की आवाज उठाना उनका हक है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या को देखकर अकबर रोड पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई। पुलिस ने तीन लेयर में जवानों को तैनात किया। किसी भी कार्यकर्ता अंदर नहीं जाने दिया गया। दिल्ली पुलिस हिरासत में लिए गए कांग्रेस नेताओं को किंग्सवे कैंप पुलिस लाइन लेकर पहुंची। यहां मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश और रंजीत रंजन सहित अन्य कांग्रेसी सांसदों को लाया गया है। प्रदर्शन को देखते हुए जंतर-मंतर इलाके को छोड़ पूरी दिल्ली में धारा 144 लागू लगाई गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर को देखते हुए यह फैसला किया गया है।

### जनता के मुद्दे उठाने वाली हर आवाज को दबा रही मोदी सरकार : राहुल गांधी



**नई दिल्लीः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जनता के मुद्दे उठाने वाली आवाज को मोदी सरकार दबाने की कोशिश कर रही है। राहुल ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी के मुद्दे पर सरकार विपक्ष को बोलने नहीं दे रही है। राहुल ने कहा कि संसद से सड़क तक हर जगह कांग्रेस को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह वर्तमान केन्द्र सरकार लोकतंत्र की हत्या करने में जुटी है। राहुल ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार होती थी, तब संवैधानिक निकाय निष्पक्ष रहते थे। हम उन्हें को नियंत्रित नहीं करते थे। वहीं आज हिंदुस्तान का हर संस्थान अपनी स्वतंत्रता और निष्पक्षता खो चुका है। देश का हर संस्थान आज भाजपा और आरएसएस के नियंत्रण में है। हम सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी से नहीं लड़ रहे हैं, हम उस इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ लड़ रहे हैं। राहुल ने कहा कि सत्ता पक्ष देश की मीडिया को कंट्रोल कर रही है। हमें मिलकर लोकतंत्र को खत्म होने से बचाना है।

### कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र मोदी सरकार से परेशानः रविशंकर प्रसाद



**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया है। भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस का शासनकाल असल में भ्रष्टाचार तंत्र था। पार्टी की ओर से भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज बिचौलियों और भ्रष्टाचारियों के लिए सभी दरवाजे बंद है। इससे कांग्रेस और उसका भ्रष्टाचारी तंत्र परेशान है। इसी व्यथा को आज राहुल गांधी ने अपनी प्रेस वार्ता में प्रकट किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस वार्ता के बाद रविशंकर प्रसाद ने अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस और उनके नेताओं पर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के पास सही जानकारी का अभाव है जिसके चलते वे देश के स्टार्टअप का मजाक उड़ा रहे हैं। आज देश का स्टार्टअप इको सिस्टम दुनिया में तीसरे और चौथे नंबर पर है। भारत में आज 100 से अधिक यूनिकॉर्न है। रविशंकर प्रसाद ने नेशनल हेराल्ड को लेकर राहुल से पूछा कि वे अगर झूठ नहीं बोलते तो बताएं कि जमानत पर बाहर क्यों हैं। भाजपा नेता ने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार किसी कारण से नहीं चल पाया। 80 करोड़ रुपये से ऊपर की देनदारी थी।

## टू जी स्पेक्ट्रम घोटालाः

# सीबीआई पहुंची हाई कोर्ट

**नई दिल्लीः** सीबीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है। इसमें टू-जी स्पेक्ट्रम मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा और दूसरे आरोपितों को बरी करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ रोजाना सुनवाई करने की मांग की है। जस्टिस योगेश खन्ना की बेंच ने 22 और 23 सितंबर को सुनवाई करने का आदेश दिया। सीबीआई ने अपनी अर्जी में कहा है कि ए राजा समेत दूसरे आरोपितों को बरी करने के आदेश के खिलाफ दायर उसकी अपील




पर रोजाना सुनवाई कर जल्द फैसला किया जाना जरूरी है। सीबीआई की ओर से एएसजी संजय जैन ने अपील पर दलीलों को सुनने के लिए शेड्यूल तय करने की मांग की। हाई कोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया ।

## कोरोनाः 24 घंटे में 20,551 नए संक्रमित

**नई दिल्लीः** देश में कोरोना वायरस के नए मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में शुक्रवार सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के 20,551 नए मरीज मिले हैं। इस अवधि में कोरोना महामारी को मात देने वाले लोगों की संख्या 21,595 है। जबकि इससे 44 लोगों की मौत हो गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में कोरोना वायरस से ठीक होने वालों की कुल संख्या 04 करोड़ 34 लाख 45 हजार 624 हो गई है। इस दौरान रिकवरी दर 98.50 प्रतिशत हो गई।

# चीन लद्दाख बॉर्डर से दूर रखें अपने फाइटर जेटः भारत




**नई दिल्लीः** ताइवान से तनाव के बीच भारत ने चीन को लद्दाख बॉर्डर से अपने फाइटर जेट दूर रखने की चेतावनी दी है। भारत ने चीन के सैन्य अधिकारियों को बुलाकर पूर्वी लद्दाख में चीन की उकसावे वाली गतिविधियों को लेकर भी विरोध दर्ज कराया है। बैठक में भारत ने चीनी पक्ष को साफ कर दिया कि विमान उड़ाते वक्त अपनी सीमा में रहकर एलएसी और 10 किमी. सीबीएम लाइन का पालन करें। यह पहली ऐसी विशेष सैन्य बैठक थी, जो सेना के मेजर जनरल के नेतृत्व में हुई और इसमें वायु सेना को भी शामिल किया गया। चीन के सैन्य अधिकारियों के साथ भारत की यह गोपनीय बैठक मंगलवार को उस दिन हुई थी, जब अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ताइवान की यात्रा पर थीं। उसी दिन पूर्वी लद्दाख में सीमा पर भी चीन की हवाई गतिविधियां बढ़ीं थीं। इसके जवाब में भारत की वायु सेना ने भी अपने लड़ाकू विमान आसमान में तैनात कर दिए थे। भारत और चीन की वायु सेनाओं के लड़ाकू विमानों ने कई घंटे तक एलएसी के पास लगातार उड़ान भरी। चीन सीमा के पास एक अग्रिम एयरबेस से भारतीय वायु सेना अपने लड़ाकू विमानों को शामिल करते हुए अब गहन रात्रि अभियान चला रही है। अमेरिकी स्पीकर की यात्रा से उपजे तनाव के बीच भारत और चीन के अधिकारियों की यह बैठक भारतीय इलाके चुशूल मोल्डो में हुई। बैठक में भारत ने चीनी पक्ष को लद्दाख बॉर्डर से अपने फाइटर जेट दूर रखने की दो टूक सख्त चेतावनी दी।

## पीएनजी के दाम 2.63 रुपये प्रति यूनिट बढ़े



**नई दिल्लीः** महंगाई की चौतरफा मार झेल रहे लोगों पर एक और बोझ बढ़ गया है। दिल्ली-एनसीआर सहित आस-पास के कई अन्य शहरों में पाइप के जरिए सप्लाई होने वाली पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के दाम में इजाफा हुआ है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने रसोई गैस पीएनजी की कीमत में 2.63 रुपये प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की है। पीएनजी की नई कीमतें शुक्रवार, 5 अगस्त से लागू हो गई है। इस बढ़ोतरी के साथ ही राजधानी दिल्ली में पीएनजी की कीमत बढ़कर 50.59 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। इससे पहले पीएनजी की कीमत 47.96 रुपये प्रति यूनिट थी। आईजीएल ने पिछले दो हफ्ते से भी कम समय में पीएनजी के दाम दूसरी बार इजाफा किया है। पीएनजी की कीमतें दिल्ली के साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में भी बढ़कर 50.46 रुपये प्रति यूनिट हो गई है। इसी तरह करनाल और रेवाड़ी में पीएनजी की कीमत बढ़कर 49.40 यूनिट हो गई है।

## अमेरिका में मंकीपॉक्स सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित





**वाशिंगटनः** संयुक्त राज्य अमेरिका ने मंकीपॉक्स को गुरुवार को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। यह घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्वास्थ्य सचिव जेवियर बेसेरा ने की। स्वास्थ्य सचिव जेवियर बेसेरा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा- " नागरिक मंकीपॉक्स को गंभीरता से लें। यह प्रभावी कदम राष्ट्रपति के इसके प्रकोप से निपटने के उपायों के तहत उठाया गया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बढ़ते मरीजों पर गंभीर चिंता जताई है।" इस बीच बाइडेन ने आपातकालीन प्रतिक्रिया अधिकारी और सम्मानित संक्रामक रोग विशेषज्ञ को व्हाइट हाउस में समन्वय करने के लिए नामित किया है। अमेरिका में मंकीपॉक्स के बढ़ते मरीजों की वजह से वैक्सीन जिनियोस की आपूर्ति बाधित हुई है। उल्लेखनीय है कि बुधवार तक संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 7,000 मंकीपॉक्स के मरीज सामने आ चुके हैं।

## चीन ने एलएसी के पास डेप्सांग और हॉट स्प्रिंग्स में बनाए कंक्रीट के वॉचटावर

**नई दिल्लीः** भारत और चीन के बीच 16वें दौर की सैन्य वार्ता तक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ डेप्सांग मैदानों और हॉट स्प्रिंग्स का विवाद नहीं सुलझ पाया है। इस बीच खुफिया रिपोर्टों से पता चला है कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की तैनाती पर नजर रखने के लिए दोनों ही जगहों पर अपने कब्जे वाले क्षेत्र में कई सीसीटीवी के साथ कंक्रीट के वॉचटावर बनाए हैं। इसके जवाब में भारतीय सेना ने भी अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और अतिरिक्त बल तैनात किए जा रहे हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ अग्रिम चौकियों की जिम्मेदारी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के पास है। चीन की सीमा की रक्षा करने वाले आईटीबीपी के एक अधिकारी ने बताया कि जमीनी रिपोर्ट बताती है कि चीन की



सेना ने एलएसी के साथ विवादित क्षेत्रों में अपना निर्माण जारी रखा है। भारत की दावा लाइनों के अंदर 18 किमी. तक फैले चीनियों ने हॉट स्प्रिंग्स और डेप्सांग मैदानों में और अधिक वॉचटावर बनाए हैं। इन्हीं दोनों क्षेत्रों का विवाद सुलझाने के लिए पिछले महीने भारत और चीन के बीच 16 वें दौर की सैन्य वार्ता हुई थी। इसमें दबाव बनाने पर भी चीनी सेना ने पूर्वी लद्दाख में अप्रैल, 2020 वाली यथास्थिति बहाल करने से इनकार किया था। भारतीय सैन्य दिग्गजों और खुफिया विशेषज्ञों ने आशंका व्यक्त की है कि चीनी सेना अपने कब्जे वाले क्षेत्र के स्वामित्व का दावा करने के लिए सीमा पर एक नई यथास्थिति बनाने की योजना बना रहे हैं। आईटीबीपी के अधिकारी ने कहा कि पिछले साल जुलाई में चीन ने पहली बार भारत के अंदर सीसीटीवी कैमरों से लैस निगरानी चौकियों का निर्माण किया था। हालांकि, भारत ने भी चीनी सेना की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए डिजिटल कैमरों के साथ अस्थायी (मानव रहित) वॉचटावर पोल लगाए हैं।

## आजादी का अमृत महोत्सव राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्णः अमित शाह

**नई दिल्लीः केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जैसे-जैसे भारत अगली छलांग लगाएगा, कोई भी भारत को महान बनने से नहीं रोक पाएगा। वे 'स्वराज भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा' की शुरूआत करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने में कई जाने और



अनजाने लोगों ने अपने जान को न्योछावर कर दिया। उन गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों पर बनाए गए स्वराज धारावाहिक से युवा वर्ग को प्रोत्साहित हजारों लोगों ने अपने महान भारत कैसा होगा ।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र पंचायत सदस्य के पितृशोक पर की गई शोकसभा

**सहसों।** विकासखंड बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरी के मजरा ननका का पूरा के क्षेत्र पंचायत सदस्य सुदीप सरोज उर्फ राहुल के पिता विनोद सरोज सेवानिवृत्त लोक निर्माण विभाग की अचानक निधन हो जाने पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सहसों में भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष एवं भाजपा गंगापार के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष गंगापार भाजपा अमर नाथ त्रिपाठी, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख गीता सिंह, राकेश बहादुर सिंह, शांति देवी ग्राम प्रधान, अनिल सरोज, जीतेन्द्र पटेल, राजेश सरोज, अंकित सरोज, अमन सिंह राजपूत, संजय सिंह, राजेंद्र यादव, महंगू पटेल, सुरेंद्र श्रीवास्तव, रविंद्र बहादुर सिंह आदि लोग रहे।

# दुकान और घरों के साथ पंचायत भवन, स्कूल में भी लगवाएं सीसीटीवी कैमरा : एसएसपी

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने शंकरगढ़ थाने में विवेचना कक्ष का किया लोकार्पण, साथ ही सुरक्षा समितियों को भी सक्रिय करने का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने शुक्रवार को शंकरगढ़ थाना परिसर में बने विवेचना कक्ष का लोकार्पण किया। नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के उपरांत एसएसपी ने कहा कि मातहत अफसर और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए स्थानीय लोग भी अपने प्रतिष्ठानों, घरों में सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। यह बहुत काम आता है।

सीसीटीवी कैमरा लग जाने के बाद अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में काफी मदद करता है। उन्होंने कहा कि इसके जरिए साक्ष्य आसानी से मिल जाता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ-साथ विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम प्रधानों से भी विद्यालयों और पंचायत भवनों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील की। एसएसपी ने कहा कि पुलिस पूरी ईमानदारी के साथ कार्य करती है।






कई बार ऐसा होता है कि थाने का क्षेत्रफल ज्यादा होता है और हमारी संख्या काफी कम होती है, बावजूद इसके हम बेहतर सुरक्षा और भयमुक्त वातावरण प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इसमें क्षेत्रवासियों का भी जागरुक होना जरूरी है। मोहर्रम का पर्व चल रहा है। इसके मद्देनजर सभी लोग अमन-चैन बनाए रखें। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें।

लोकार्पण के उपरांत एसएसपी ने थाना परिसर, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मेस इत्यादि का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। इसके बाद उन्होंने यूपी-एमपी की सीमा पर स्थित नारीबारी बार्डर का भी निरीक्षण किया।एसएसपी ने ग्राम सुरक्षा समितियों को भी सक्रिय करने का निर्देश मातहतों को दिया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी, एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, सीओ बारा संतलाल सरोज, एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह, एसआई ऋतुराज सिंह,एसआई अमरेंद्र सिंह, सुमित कुमार वर्मा,हे.मो.संतोष त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, राकेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता, सभासद सुधा गुप्ता, रतन केसरवानी, अरविंद केसरवानी, प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्र, परमेश्वर सिंह, पूर्व प्रधान संजीव कुमार मिश्रा, प्रधान शैलेंद्र सिंह, मंगलेश सिंह, पिंटू सिंह, गुलाब सिंह, फैजान अहमद, सुभाष कुमार, कुलदीप सिंह, अखिलेश सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता के दाह संस्कार में पहुंचे हजारों लोग



**सोरांव।** मंगलवार को दो पहिया वाहन से अपने घर जा रहे अधिवक्ता अंशुल गौतम उर्फ. राजधानी गौतम पुत्र राम दुलारे निवासी कृष्णापुर जैसे ही कृष्णा ढाबा के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा में आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पर बैठे हुए अधिवक्ता व उसके मामा के लड़के गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में लोगों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से प्रयागराज के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर में अधिवक्ता की मौत हो गई। मौत की सूचना पर गांव व परिवार में कोहराम मच गया। साथ ही साथ सोरांव तहसील के अधिवक्ता साथी मृतक के घर पहुंचे। और परिवार वालों को ढांढस बंधाया। मृतक के पिता राम दुलारे के लिखित तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए देर शाम भेज दिए। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे पोस्टमार्टम से लाश अंत्येष्टि स्थल फाफामऊ लाया गया। जहां पर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के लिए सोरांव तहसील के सैकड़ों अधिवक्ता संग गांव वाले मौजूद रहे। इस मौके पर मोहम्मद अरमान एडवोकेट ने पूरे अंत्येष्टि स्थल पर अपना समय देकर बहुत ही जिम्मेदारी के साथ डटे रहे। बार सोरांव के अध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी, महामंत्री हरि शंकर सिंह,सौरभ गौतम उत्तर प्रदेश पुलिस,वही वरिष्ठ अधिवक्ता ईश्वर, वर्तमान विधायक गीता पासी, प्रधान पवन कुमार,डीके आर्य,अनिल कुमार,सुरेंद्र कुमार गौतम,हरिश्चंद्र पटेल, विजय सरोज, पूर्व अध्यक्ष राम सजीवन, पंकज कुमार मेहरा, अंबर श्रीवास्तव,पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र यादव, पूर्व महामंत्री राजीव कुमार ओझा, प्रधानपति योगेश पटेल, राजेश कुमार एडवोकेट, सचिन कुमार, ब्लाक प्रमुख सोरांव प्रदीप कुमार पासी, अनुपम शुक्ला, संदीप कुमार होमगार्ड, राज कुमार,जितेंद्र कुमार संग सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आयुक्त मनरेगा लखरावा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत लखरावा में शुक्रवार दोपहर कपिल कुमार आयुक्त मनरेगा प्रयागराज एवं खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार ने गांव बन रहें अमृत सरोवर का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया उन्होंने बताया कि अपूर्ण कार्य को 15 अगस्त से पहले पूर्ण कराए जाने का दिशा निर्देश प्रधान व सचिव को दिया तथा उन्होंने सरोवर के चारों तरफ लगाए गए वृक्षों को पशुओं से बचाने के लिए बैरिकेडिंग व पौधों की सिंचाई आदि समय पर कराए जाने तथा पंद्रह अगस्त पर अमृत सरोवर पर झंडारोहण कार्यक्रम संपन्न कराए जाने का दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर का करछना मनीष कुमार शुक्ला, पंचायत सचिव आदित्य कुमार, प्रधान आशीष पांडे, रोजगार सेवक महेंद्र कुमार यादव, व गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकताओं का महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन, गिरफ्तारी



अखंड भारत संदेश

**करछना।** कांग्रेस नेता दिनेश सोनी बालासन चौराहा पर एक जुट होकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला जिला महासचिव डा दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि प्रदर्शन व पैदल मार्च के दौरान कांग्रेसियों की पुलिस से तीखी नोंकझोंक और झड़प हुई जिसमें पुलिस ने कांग्रेसियों को हिरासत में लिया डा दिनेश सोनी ने कहा कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का पूरी तरह से राजनीति करण कर विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने का काम कर रही है जिसके खिलाफ आज अपने नेता राहुल गांधी जी के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत में धरना प्रदर्शन किया गया गूंगी बहरी मोदी सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा अन्त में डा दिनेश सोनी ने कहा कि लड़ो लड़ाई करो चढ़ाई सारी जनता मोदी सरकार से अजिज आईं गिरफ्तारी देने वालों में जिला ब्लाक व न्याय पंचायत के भी पदाधिकारी मौजूद रह।

## महंगाई की मार झेल रहा किसान त्रस्त सरकार बुलडोजर में मस्त : सोमदत्त

खाद, बीज, डीजल, पेट्रोल व खाद्य सामग्रियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से लोगों की टूटी कमर



**रत्योरा।** देश का किसान हो या नौजवान या आम जनता सरकारों की नाकामी को लेकर महंगाई से त्रस्त सरकार बुलडोजर में ही मस्त है । खाद बीज के दाम हो अथवा डीजल व पेट्रोल तथा खाद्य सामग्रियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से देश के जनता की कमर टूट चुकी है, किंतु सरकारें धर्म जाति व संप्रदाय के नाम की राजनीति कर देश की जनता का ध्यान सांप्रदायिकता की ओर आकर्षित कर रहे हैं। जिससे महंगाई की मार झेल रहे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। यह बातें समाजवादी पार्टी के जिला सचिव जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज सोमदत्त सिंह पटेल ने कही। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव ने कहा कि देश की जनता का ध्यान महंगाई से भटकाने के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकारें अभी निशुल्क राशन देने का काम कर रही है। जबकि शिक्षा दिन प्रतिदिन महंगी होती जा रही है। गरीब तबके के लोग आधुनिक शिक्षा पद्धति से काफी दूर होते जा रहे हैं। जिससे भविष्य में वे अच्छी शिक्षा के लिए भी लालायित रहेंगे। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने मौजूदा लेखपाल भर्ती का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षक भर्ती में धांधली को लेकर भर्ती को निरस्त कर दिया गया था, किंतु लेखपाल परीक्षा में धांधली व पेपर लीक मामले में कई गैंग के गुर्गे गिरफ्तार होने के बाद भी परीक्षा निरस्त नहीं की जा रही है। जिससे सरकार सवालों के घेरे में आ रही है। अंत में उन्होंने कहा कि देश की जनता का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटकाकर राजनीतिक फायदे की ओर ले जाया जा रहा है। जिससे जनता को गुमराह कर भारतीय जनता पार्टी के लोग देश एवं प्रदेश में सत्तारूढ़ हैं और जनता के साथ धोखा कर रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में दूसरे दिन का आयोजन संपन्न



**जारी।** दिन शुक्रवार को कथा वाचिका किशोरी मनु प्रिया जी के मुखारविंद से चल रही श्री श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में श्रद्धालु जारी के बड़े हनुमान जी के मंदिर परिसर में नित्य आ रहे है। और भक्तगण श्रद्धा भक्ति और भाव से ओतप्रोत होकर प्रवचन का श्रवण कर रहे हैं। इसके पश्चात भागवत कथा में भक्तजन भजनों पर खूब नाचे तथा भागवत जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा में मुख्य रूप से कृपा शंकर तिवारी, शिवराम अग्रहरि ,लालजी श्रीवास्तव, अवधेश अग्रहरी, कमलेश अग्रहरी ,मंजू देवी, अंजना श्रीवास्तव ,रामदुलारी ,महिलाओं सहित बाजार के गणमान्य लोग रहे। भागवत में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ उठाया।

### चनैनी गांव के पीड़ित परिजन से मिले विधायक करछना



**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चनैनी में गत दिनों आकाशी बिजली गिरने से मेवा लाल पाल के घर के तीन बच्चे पूरी तरह झुलस गए थे जिसको प्रधान और गांव वालों ने मिलकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर चिकित्सा उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी इसकी जानकारी होने पर विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद शुक्रवार को पीड़ित के घर पहुंच कर सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया उनके साथ प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी, पूर्व प्रधान कपठुआ गोविंद प्रसाद द्विवेदी ,मुन्ना सिंह ,कार्तिकेय कुशवाहा प्रधान हरदुआ सहित कई लोग शामिल है।

### मृतक शुभम के परिजनों से मिले विधायक पियूष रंजन



**करछना।** क्षेत्र के सेमरहा उपहार गांव में बीते दिनों उक्त गांव निवासी बजरंगी लाल का 11 वर्षीय बेटा शुभम की करंट लगने से मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया था । लेकिन पोस्टमार्टम हाउस पर शव वाहन की व्यवस्था न होने के कारण बेवस व लाचार मां बाप ने तेज बारिश के बीच अपने जिगर के टुकड़े के शव को कंधे पर लादकर घर की ओर पैदल हीं आ रहे थे। तभी रास्ते में कुछ लोगों ने कंधे पर शव रखकर जाता देख वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आला अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामले को संज्ञान में लेते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने जांच के आदेश दिए। जिसके बाद गुरुवार दोपहर के वक्त एसडीएम रेनू सिंह व सीएमओ ने सेमरहा में पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। अब वही दूसरी तरफ अब राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के पहुंचने का सिलसिला जारी हो गया है। शुक्रवार को करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद के साथ प्रमोद कुमार तिवारी शोहगौरा और समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेश यादव, पूर्व एम एल सी मान सिंह यादव ने पीड़ित परिवार वालों से मुलाकात कर ढाढस बंधा है। विधायक पियूष रंजन ने अपने अस्तर से हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार द्विवेदी, त्रिवेणी प्रसाद पांडे ,कार्तिकेय कुशवाहाआदि लोग मौजूद रहे।

### पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**जारी।** दिन गुरुवार को सावन माह में भगवान भोलेनाथ की कृपा से अड़गड़ानंद स्वामी सुहागी पहाड़ पर मां हरसिद्धि ट्रेडर्स द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मां हरसिद्धि के ट्रेडर्स के द्वारा भगवान शिव को जलाभिषेक किया गया। तथा सम्मानित लोगों को स्थानीय विधायक तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए। विशाल भंडारे का आयोजन में सहयोग करता पप्पू सिंह ,विष्णु गुप्ता, दयाशंकर जायसवाल ,विरेंद्र जायसवाल ,अनिल जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, अशोक जायसवाल, रमाकांत जायसवाल, नीरज जयसवाल, विवेक जायसवाल, मां हरसिद्धि ट्रेडर्स के ओनर स्वामी शरण जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### शीतला देवी धाम हाजीगंज में हुआ विशाल भंडारा



**सोरांव।** इलाके के हाजीगंज में शीतला देवी प्राचीन मंदिर के प्रांगण में भक्त राम सिंह पटेल द्वारा सावन माह में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इतना ही नहीं शुक्रवार सुबह से रात्रि 10 बजे तक क्षेत्र के असवा,बादलपुर, सोरांव, शिवगढ़ ,प्रसादपुर, बाहर सराय, डीहा, भावापुर, सराय भोगी सहित दर्जनों गांव के हजारों भक्तों ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण किए। सबसे पहले रामायण समाप्ति पर गांव के भक्तों ने पूजन और हवन किया। उसके बाद नौ कन्याओं को प्रसाद ग्रहण करवाने के बाद भंडारा शुरू किया गया। जिसमे पूरे गांव के लोगों ने आए हुए सभी लोगों को भंडारे का प्रसाद ग्रहण करवाकर अन्त में सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किए। इस मौके पर राजधानी पटेल, रामफल पटेल, हिमाशु पटेल,राजू पटेल रामकुमार पटेल संग दर्जनों कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### बहनों को रक्षाबंधन पर प्रयागराज रोडवेज ने दिया तोहफा , 650 बसों में निःशुल्क करें यात्रा

**प्रयागराज।** रक्षाबंधन पर्व पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने बहनों को तोहफा दिया है। यह तोहफा है महिलाओं और बहनों को सभी श्रेणी की रोडवेज बसों में निश्शुल्क यात्रा का। रोडवेज के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय व डिपो में इसकी तैयारी शुरू हो गई है। प्रयागराज से लखनऊ, कानपुर, आजमगढ़ व अयोध्या रूट पर सर्वाधिक अतिरिक्त बसें चलेंगी। सभी बसें अतिरिक्त फेरे भी लगाएंगी।

**रोडवेज बसों से रक्षाबंधन पर बहनें करें निः शुल्क यात्रा :** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन 11 अगस्त को है। इस बार भी रक्षाबंधन पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम महिलाओं और बहनों को सभी श्रेणी की बसों में निश्शुल्क यात्रा का उपहार देगी। रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र में इसकी तैयारी है।

**रूटों पर चलेंगी रोडवेज की अतिरिक्त बसें:** प्रयागराज से लखनऊ, कानपुर, आजमगढ़ व अयोध्या रूट पर सर्वाधिक अतिरिक्त बसें चलेंगी। सभी बसें अतिरिक्त फेरे भी लगाएंगी। रक्षाबंधन के दिन बस में सामान्य यात्री और महिला यात्री दोनों सफर करेंगे। हालांकि इलेक्ट्रानिक टिकट मशीन (ईटीएम) से टिकट न दे पाने पर निश्शुल्क यात्रा के लिए मैनुअल टिकट बनाए जाएंगे और इसकी प्रविष्टि मार्ग पत्र में अंकित होगी।

**आनलाइन अग्रिम बुकिंग कराने वाली महिलाओं का वापस होगा पैसा** जिन महिलाओं ने रक्षाबंधन के दिन यात्रा करने के? लिए आनलाइन टिकट की अग्रिम बुकिंग कराई है, उनके टिकट का पैसा रोडवेज प्रशासन आगामी तीन दिन यानी 72 घंटों के भीतर उनके बैंक खाते में भेज देगा।

**प्रयागराज के क्षेत्रीय प्रबंधक बोले :** रोडवेज के प्रयागराज क्षेत्रीय प्रबंधक एमके त्रिवेदी ने बताया कि शासन की ओर से कोई परिपत्र का इंतजार है। बोले कि हमने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। प्रयागराज परिक्षेत्र में 650 बसों से महिला यात्रियों को निश्शुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी बसें अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। 50 बसों को रिजर्व तौर पर भी रखा जाएगा। आसपास के जिलों के लिए विशेष रूट प्लान बनाया जा रहा है, क्योंकि सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक संख्या में महिलाओं की भीड़ जाती है।

# स्वाधीनता आंदोलन इतिहास का अनूठा आंदोलन : डा0 अवधेश

### सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो में हर घर तिरंगा को लेकर आयोजित हुआ व्याख्यान कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** शुक्रवार 5 अगस्त को सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव प्रयागराज में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के क्रम में स्वाधीनता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास विषय पर विद्यालय के अध्यापकों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय के इतिहास प्रवक्ता यदुबीर सिंह ने अपनी ओजपूर्ण वाणी से स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों के त्याग, बलिदान एवं देश के लिए समर्पण पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ हिंदी प्रवक्ता अभय राज सिंह ने देश के प्रति प्रेम भावना बनाए रखने के लिए देश की संस्कृति सभ्यता एवं महापुरुषों की गाथाओं को जीवंत बनाए रखने पर बल दिया।




कार्यक्रम के अंत में सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि देश की स्वाधीनता का यह आंदोलन विश्व के इतिहास में अनूठा है। जहां पर त्याग, बलिदान एवं अहिंसा की त्रिवेणी का अविरल प्रवाह है। इसमें भारत के विभिन्न प्रांतों, क्षेत्रों, भाषाओं, धर्म, वर्गों, जातियों, उद्यमियों, मजदूरों, शिक्षकों, छात्रों, राजनेताओं, पत्रकारों तथा स्त्री पुरुष सबका मणिकांचन योगदान है।

## प्रार्थना स्थल पर झण्डा गीत की गूंज ने जगाई देश प्रेम की अलख



**करछना।** आजादी के अमृत महोत्सव पखवारे में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर में प्रार्थना सभा स्थल पर झण्डा गीत का सामूहिक पाठ आयोजित किया गया। इस दौरान झण्डा ऊंचा रहे हमारा ,विजयी विश्व तिरंगा प्यारा जैसे झण्डा गीत की गूंज के साथ बच्चों ने देश प्रेम की अलख जगाते हुए मातृभूमि की रक्षा का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने बच्चों को झण्डा गीत के मायने समझाते हुए इसके अनुरूप देश की आन,बान,शान और शहीदों की कुर्बानियां भी याद दिलाई उन्होंने कहा कि यह गीत हमें अपने स्वाभिमान और देश के सम्मान के प्रति प्रेरित करता है। शिक्षकों ने भी कई संस्मरण सुनाते हुए बच्चों मेंदेश प्रेम भावना जागृत की। इस मौके पर शिक्षक कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत शिक्षकों ने दिये व्याख्यान




**जसरा।** आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत आजादी का गौरवशाली इतिहास विषय पर शिक्षकों ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०प्रेम प्रकाश सिंह ने आजादी के गौरवशाली इतिहास की शुरूआत ईस्ट इंडिया कंपनी से लेकर 1947 तक के सफर पर प्रकाश डाला। अपने देश पर गर्व करने व देश के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने व उनसे सीख लेने हेतु प्रेरित किया। इस बीच विद्यालय के शिक्षक साथियों में राजेंद्र सिंह, डा०चक्रधर द्विवेदी, मुनेश बाबू, विश्वनाथ प्रताप सिंह,संगीता जायसवाल, मंजुला जैसल, पूनम यादव,नर्बदा प्रसाद यादव ,कृष्ण कुमार यादव, सूर्य प्रकाश गुप्त आदि शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।शिक्षक अरूण कुमार केसरवानी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि बच्चों में अपने देश के प्रति राष्ट्रवादी सोच मजबूत होगी। जिससे निरंतर देश अग्रसर होगा।

# भाजपा द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया नमन



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर देशभर में गौरवशाली महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करके उनको सत सत नमन करने का कार्यक्रम चलाया गया। इसी प्रकार शुक्रवार को सहसों गोल चौराहे पर स्थित महापुरुष छत्रपति साहू जी महाराज को भारतीय जनता पार्टी गंगा पार के सहसों मंडल द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शत शत नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू ने महापुरुष छत्रपति शिवाजी को माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उपस्थित जनों को अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए गए इस कार्यक्रम में देशभर के महापुरुषों को याद करते हुए उनको माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर हम सबको शत-शत नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा ऐसे महापुरुष जो कि हमारे देश के गौरव एवं रीढ़ थे हम लोगों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए संकल्प लेना चाहिए एवं देश के सच्चे सिपाही के रूप में सदैव देश की रक्षा के लिए तैयार रहना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज एवं संचालन भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष एवं पूर्व भाजपा गंगापार उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मृगेंद्र सिंह रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जितेन्द्र पटेल, राघवेंद्र सिंह, महेश सिंह, राजेश सरोज, अनिल जायसवाल, देवेंद्र मिश्र, पुष्कर सिंह, श्रीकांत तिवारी, शिव बाबू केसरवानी, शीतला सिंह, संतोष सिंह, नरेंद्र कुशवाहा, अनिल कुमार पटेल, नंदलाल, अमन सिंह राजपूत, रवीन्द्र बहादुर सिंह एवं अजय विश्वकर्मा सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट में कई घायल आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई घायल हुए है। पुलिस ने दोनों घटनाओं में आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासी लालमणि शुक्ला पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसके परिजनों को बुरी तरह मारे पीटे जिनका उपचार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। उधर ग्राम खोजापुर निवासनीय गायत्री देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद का आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर बडे उसके घर में घुस कर उसे मारे पीटे और जान से मारने की धमकी भी दिए।

### प्रधान की पत्नी को जहरीले जंतु ने काटा, मौत

**मेजा रोड ।** मेजा के दरी (अहिरन का पूरा ) गांव के प्रधान की पत्नी को जहरीले सांप ने काट लिया जिससे उनकी मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मेजा थाना क्षेत्र के दरी (अहिरन का पूरा ) गांव के प्रधान व वरिष्ठ समाजसेवी हरिबिलास सिंह यादव की पत्नी निर्मला देवी (65) को गुरुवार रात करीब दस बजे घर के पास जहरीले सांप ने काट लिया। परिजनों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं रास्ते में उनकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

# महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों की पुलिस से तीखी नोकझोंक, हिरासत में लिये गये कांग्रेसी

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** बेरोजगारी व महंगाई के मुद्दे पर जिला शहर कांग्रेस के संयुक्त पदाधिकारी और कार्यकताओं ने प्रयागराज की सड़क पर उतर कर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। शुक्रवार को पार्टी की ओर से महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आवाहन किया गया था। जिला शहर कांग्रेस के बैनर तले जुटे सैकड़ो कांग्रेसी बालसन चौराहा स्थित नेहरू प्रतिमा पर इक्कठा हुए। जिला प्रशासन ने कांग्रेसियों को प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी थी। इससे नाराज कांग्रेसियों ने हांथो में महंगाई विरोधी नारे लिखी तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्च निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। इसी दौरान कांग्रेसियों को रोकने के लिये पुलिस ने आनंद भवन की सड़कों पर दो जगह बैरकेटिंग कर रखी थी। जिसे प्रदर्शनकारियों ने गिराते हुए आगे बढ़ गये। स्वराज भवन के आगे कई थानों की फोर्स और भारी पुलिस बल व पीएसी ने कांग्रेसियों को रोक दिया। जिससे आक्रोषित होकर नेताओं ने वहीं सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने विरोध कर रहे पार्टी नेताओं को सड़क से हटाने के लिये हल्के बल का प्रयोग करते हुए गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। जिसमें पांच दर्जन से अधिक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया। वहीं गिरफ्तारी के दौरान प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी और जिला प्रवक्ता हसीब अहमद को हल्की चोट भी आई। वहीं पार्टी कार्यकर्ता इश्तियाक अहमद का हांथ भी टूट गया। जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी और सुरेश यादव ने आरोप लगाते हुए कहा की लोग महंगाई की मार के नीचे कुचले जा रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार को कोई फर्क. नही पड़ रहा है। शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने कहा की महंगाई और बेरोजगारी से देश गरीब होता जा रहा है और भाजपा के सांसद, मंत्री, विधायक अमीर होते जा रहे हैं। कांग्रेसियों एक विरोध दर्ज कराते हुए एक स्वर में सरकार से महंगाई पर लगाम लगाने की मांग की।

इस दौरान अरुण तिवारी, सुरेश यादव, प्रदीप मिश्रा अंशुमन, मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, संजय तिवारी, उज्वल शुक्ला, करमचंद बिंद, हसीब अहमद, अनिल पाण्डेय, तसलीम उद्दीन, फुजैल हाश्मी, आशीष पाण्डेय, मनोज पासी, विवेक पाण्डेय, मो०असलम, अक्षय यादव, निशांत रस्तोगी, मो०इस्लाम, ओमप्रकाश तिवारी, राकेश पटेल, विनय पाण्डेय, दिनेश चौधरी, नयन कुशवाहा, नागेश पाण्डेय, अतुल तिवारी, इशरत अली, राकेश श्रीवास्तव, आशा देवी, रिजवाना बेगम, दिनेश सोनी, मो०हसीन, विनय पाण्डेय, नागेंद्र पाण्डेय, कामेश्वर सोनकर, विशाल सोनकर, संजय सिंह, नफीस कुरैशी, दरख़्शा कुरैशी, समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### 1.3 किलो गांजा के तस्कर और वारंटी गिरफ्तार



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने 1.3 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा तस्कर के कब्जे से एक तिपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। यह गिरफ्तारी नारीबारी चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह और उनकी टीम ने की है। चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि धरे गए तस्कर दिलीप सोनी पुत्र स्व. सूर्यनारायण सोनी (निवासी नारायणदास कापुरवा, झूंसी) के खिलाफ शंकरगढ़, सिविल लाइंस, खीरी मध्य प्रदेश के रींवा जनपद के चाकघाट थाने में भी एफआईआर दर्ज है। शुक्रवार को गश्त के दौरान दिलीप सोनी को क्षेत्र के सुरवल साहनी मोड़ से गांजा और वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है। दूसरी तरफ शंकरगढ़ थाने के सब इंस्पेक्टर गंगाराम सोनकर ने क्षेत्र के कपारी के रहने वाले रत्नाकर प्रसाद पुत्र स्व. लालमनि को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त रत्नाकर के खिलाफ वर्ष 2007 में धारा 379, 411, 420 व 3-57 खनिज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था।

### भाजपा : तिरंगा अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न



**झूंसी।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार के मंडल झूंसी की कार्यकारी बैठक में तिरंगा प्रभात फेरी एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला उपाध्यक्ष किरण त्रिवेदी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में उपस्थित पवन पांडेय, दिलीप निषाद, प्रभाकर दुबे, राजीव राणा, पंकज ओझा, सूरज भारतीय, जय शुक्ला, प्रमोद, विश्वास पांडेय, पंकज निषाद, अवधेश चौहान, सुनीता उपाध्याय, प्रवेश पांडेय, अशोक केसरवानी, सीताराम मौर्या, नीरज मिश्रा, मनीष तिवारी ,महेंद्र मौर्या, एससी तिवारी सहित उपस्थित सभी कार्यकताओं को हर घर तिरंगा का दायित्व सौंपा गया।

### मंडी समिति कर्मचारी की हुई भावभीनी विदाई



**जसरा।** कृषि उत्पादन मंडी समिति जसरा से मंडी सहायक भीम राज सिंह तथा परिचारक के रूप में काम करने वाले प्रेमचंद्र के सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों ने भव्य कार्यक्रम के मध्य किया विदाई। कृषि उत्पादन मंडी समिति जसरा में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी भीमराज सिंह मंडी सहायक तथा परिचारक प्रेमचंद्र के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मंडी समिति के सचिव नीरज नाथ व कर्मचारी के साथ क्षेत्रीय व्यापारियों ने भी इन कर्मचारियों के कार्यकाल को याद करते हुए इनके व्यवहार की सराहना किया। भागवत गीता रुद्राक्ष का माला तथा छाता आदि देकर के उनकी विदाई किया । इस मौके पर प्रभु नाथ गुप्ता , अमरेश चंद्र द्विवेदी , हरिहरनाथ , पवन कुमार , अनिल कुमार श्रीवास्तव , राजू सोनकर अनुराग सिंह , हेमंत कुमार , अजय कुमार सिंह , राजेश श्रीवास्तव , मोहम्मद आसिफ , होरीलाल , अमर सिंह , उमेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### जिपं सदस्य को फोन कर मांगी 10 लाख की फिरौती

**करछना।** क्षेत्र के डीहा गांव के रहने वाले जिला पंचायत सदस्य से हिस्ट्रीशीटर ने फोन कर मांगी 10 लाख रुपए की फिरौती पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत। जिला पंचायत सदस्य? डाक्टर विजय बाबू यादव ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की है की गांव के ही भूमि राज सिंह पुत्र स्वर्गीय कुंवर बहादुर ने गुरुवार की रात फोन किया था। जो हिस्ट्रीशीटर है, और वह कुछ दिन पहले जेल से छूट कर आया है। फोन कर कह रहा था कि हमें 10 लाख रुपए की सख्त जरूरत। अगर मांगी गई रकम पूरा न किया गया तो दूसरी पार्टी से सुपारी लेकर जिला पंचायत सदस्य व प्रेमचंद्र प्रधान पुत्र को गांव डीहा को गोली से मार दूगा। हिस्ट्रीशीटर द्वारा फोन कर दी गई धमकी से आहत आ कर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत करते हुए सुरक्षा करने की मांग की है।

# पंचायत उप चुनाव में उषा देवी प्रधान और मधुलता बीडीसी निर्वाचित



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकास खंड उरूवा में पंचायत उपचुनाव के लिए घूंघा ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए और अछोला में क्षेत्र पंचायत के लिए मतदान गुरुवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।शुक्रवार सुबह उरुवा ब्लाक में प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला शुरू हुआ जिसमें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान एसडीएम व क्षेत्राधिकारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सुबह से शुरू हुई मतगणना दोपहर तक चलती रही। जिसमें घूघा ग्राम प्रधान पद के लिए 2 प्रत्याशियों में सीधी टक्कर रही। पहले राउंड में उषा देवी 3 वोटों से विजयी घोषित हुई। प्रत्याशी की मांग पर दोबारा रिकांउटिंग शुरू होने से एक वोट अनवैलिड हो गया। रिकाउंटिंग के बाद पुनः उषा देवी 2 वोटों से विजई घोषित हुई। रिकाउंटिंग एसडीएम तथा क्षेत्राधिकारी की देखरेख में हुआ दोबारा रिकांउटिंग होने से दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों में गहमागहमी का माहौल बना रहा। मतगणना समाप्त होने के बाद दोनों पार्टियों के समर्थक हंगामा करने लगे। इस दौरान मौके पर थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह द्वारा समझा बुझाकर प्रत्याशियों तथा समर्थकों को शांत कराया गया। खंड विकास अधिकारी ब्रह्म पाल सिंह ने नवनिर्वाचित प्रधान उषा देवी और क्षेत्र पंचायत सदस्य मधु लता पांडे को बधाई देते हुए कहा कि हमारे यहां दो सदस्य और शामिल हो गए।

### क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर रीना मिश्रा 12 मतों से हुईं निर्वाचित



**करछना।** विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिंदूपुर में क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 57 रिक्त सीट पर हुए उपचुनाव में रीना मिश्रा पत्नी उमा शंकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रतिभा पटेल पत्नी ओम प्रकाश से 12 मत अधिक पाकर विजई घोषित हुई बता दें कि गुरुवार को हिंदूपुर ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर उपचुनाव कराया गया था , जिसमें रीना मिश्रा और प्रतिभा पटेल के बीच कांटे की टक्कर रही जिसमें शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय करछना पर मतगणना की गई जिसमें 302 पाकर रीना मिश्रा क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित घोषित की गई वही प्रतिभा पटेल 290 ही मत मिले जिनकी पराजय का मुंह देखना पड़ा चुनाव निर्वाचन अधिकारी ने रीना मिश्रा को निर्वाचित होने पर प्रमाण पत्र देकर विदा किया उक्त अवसर पर खंड विकास अधिकारी देव कुमार एडीओ पंचायत विवेक मिश्रा, की मौजूदगी में निर्वाचित हुई रीना मिश्रा को प्रमाण पत्र दिया गया इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह राजू प्रधान हिंदूपुर मुख्तार अहमद, रजऊ यादव, नरेंद्र पटेल, लल्ला सिंह पटेल ,ओमप्रकाश ,अंगद पटेल शिवराज यादव ,राज करण यादव ,रामनिहोर, आदि लोगों ने रीना मिश्रा को निर्वाचित होने पर बधाई दी।

### मीनाक्षी सिंह बनी सिहीपुर की नई प्रधान

**हनुमानगंज।** बहादुरपुर ब्लाक के सिहीपुर गांव के प्रधान के उप चुनाव में पूर्व प्रधान की बहू मीनाक्षी सिंह गांव की नई प्रधान बनी वही दरियापुर के गुलालपुर से शशि कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने गए। बहादुरपुर ब्लाक के सिहीपुर प्रधान केश पत्ती देवी के निधन के बाद गांव के प्रधान की सीट रिक्त थी तो वही छतनाग के राजकुमार यादव दो स्थानों से बीडीसी निर्वाचित हुए थे बाद में दरियापुर के गुलालपुर की सीट राजकुमार ने छोड़ दी तब से दोनों सीट खली थी के। गुरुवार को उप चुनाव हुआ शुक्रवार को मतगड़ना में पूर्व प्रधान केशपत्ती देवी की बहू मीनाक्षी सिंह 584 मत व उनके प्रतिद्वंदी रेखा 300 मत मिले 200 से अधिक वोटों से मीनाक्षी सिंह विजयी हुई और वही दरियापुर गुलालपुर से बीडीसी प्रत्याशी रहे शशि कुमार 329 व सन्तोष 258 बोट मिले क्षेत्र वासियो ने शशि को क्षेत्र का नया बीडीसी चुना।

### सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी 5 अगस्त से 3 सितम्बर तक करा सकते हैं रजिस्टेशन

**प्रयागराज।** कर्नल/एआरओ अमेठी ने बताया है कि वर्ष 2022-23 के लिए अग्निपथ योजना के अन्तर्गत प्रयागराज जनपद के साथ ही अम्बेडकर नगर, कुशीनगर, बस्ती, अयोध्या, कौशाम्बी, अमेठी, महाराजगंज, प्रतापगढ़, रायबरेली, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर तथा सुल्तानपुर (कुल 13 जनपद) जनपदों की सेना भर्ती रैली का आयोजन 16 नवम्बर से 06 दिसम्बर के मध्य डोगरा रेजीमेंट सेंटर, अयोध्या में किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया है कि आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी अपना रजिस्टेज्शन 05 अगस्त से 03 सितम्बर, 2022 तक कर सकते है। आनलाइन रजिस्टेशन वेबसाइट पर किया जा सकेगा।

# पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने सपा कार्यकताओं में भरा जोश, नाराज रेवती रमण से भी मिले

अखंडािारत संदेश



**प्रयागराज।** सपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत सदस्यता अभियान के माध्यम से हर घर तक पहुंचने की रणनीति बनाई है। इसी क्रम में अभियान के लिए गंगापार के प्रभारी बनाए जाने के अगले ही दिन बृहस्पतिवार को पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने प्रयागराज का दौरा किया।धर्मेंद्र ने सदस्यता अभियान पर चर्चा के साथ जिले के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। जार्जटाउन स्थित पार्टी कार्यालय में उन्होंने नेताओं से सुझाव भी मांगे। धर्मेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी नगर निकाय और इसके बाद लोकसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़ेगी। उन्होंने इन चुनावों में बड़ी जीत का दावा भी किया। धर्मेंद्र ने बताया कि रक्षाबंधन के बाद वह फिर आएंगे और तीन-चार दिन रहकर सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे। उन्होंने विधानसभावार नेताओं और कार्यकताओं संग वार्ता की बात भी कही।इससे पहले कार्यकताओं ने पूर्व सांसद का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्र यादव, विधायक विजमा यादव, गीता पासी, एमएलसी डॉ.मान सिंह, अंसार अहमद, धर्मराज सिंह पटेल, वासुदेव यादव, सतवीर मुन्ना, कृष्ण मूर्ति यादव, अखिलेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।रेवती रमण से मिले धर्मेंद्र, नाराजगी दूर करने की कोशिश पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव ने राज्यसभा के लिए दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाए जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश से नाराज वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह से घर जाकर मुलाकात की। उन्होंने बंद कमरे में उनसे बात की। इस दौरान रेवती के पुत्र पूर्व विधायक उज्जवल रमण सिंह भी मौजूद रहे। धर्मेंद्र के इस मुलाकात को रेवती रमण की नाराजगी दूर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, क्या बात हुई इस पर नेताओं ने चुप्पी साध रखी है।

# किशोरी का अपहरण फिर दुष्कर्म के बाद थाने के सामने छुड़वाकर आरोपी फरार

अखंड भारत संदेश

**अपने को फंसते देख आरोपी युवक ने मंदिर ले जाकर किशोरी के मांग में भरा सिंदूर**

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के एक किशोरी का अपहरण कर बंधक बना आरोपी चार दिन तक दुष्कर्म करता रहा। पुलिस का दबाव बनन पर आरोपी अपने भाई से थाने के सामने हाईवे पर किशोरी को छोड़वा दिया। पीड़ित किशोरी अपने परिजनों को दास्तां बताई तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक किशोरी अपनी छोटी बहन के साथ बीते 30 जुलाई के शाम को शौच को निकली तो पहले से घात लगाए बैठा आरोपी युवक किशोरी को अपहरण कर करछना के मुंगारी गांव स्थित अपने रिश्तेदार के घर बंधक बनाकर चार दिन तक दुष्कर्म करता रहा। जानकारी पर पीड़िता के परिजनों ने आरोपी युवक को शिकायती पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के भाई को पूछताछ करने के लिए हिरासत में ले लिया। पुलिस का दबाव पड़ने पर आरोपी युवक ने अपने अन्य एक भाई के साथ गुरुवार के दिन घूरपुर थाना के सामने हाईवे पर छोड़ कर भाग निकला। पीड़िता किशोरी थाने पहुंची तो सूचना पर परिजन भी थाने पहुंचें। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवक के भाई को पुलिस के हिरासत में लेने के बाद युवक अपने को फंसते देख किशोरी को अलोपीबाग स्थित मंदिर में ले जाकर जवारिया विवाह का दबाव बनाते हुए उसके मांग में सिंदूर भर उसे अपने भाई के साथ थाने के सामने छोड़वा दिया। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ नामजद शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोपी युवक करछना थाना क्षेत्र के कबरा डीहा गांव का बताया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रहस्यमय ढंग से युवक गायब

**मऊआइमा।** एक युवक घर से निकला आज तक घर वापस नहीं लौटा । किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए परिजनों ने थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट में दर्ज करायी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम वलीका पूरा कल्याणपुर निवासी सुधाकर यादव 23 वर्ष पुत्र दिनेश कुमार 3अगस्त को घर से निकला परन्तु आज तक घर नहीं लौटा। परिजन किन्हीं अनहोनी से सहमे हुए हैं। सुधारक के भाई शुभम यादव ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।


**कम्पोजिट विद्यालय फतूहपुर उपरहार, वि. ख. कौड़िहार प्रथम, प्रयागराज**

(जर्जर भवन नीलामी सूचना)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पोजिट विद्यालय फतूहपुर उपरहार विकास खण्ड कौड़िहार प्रथम जनपद प्रयागराज परिसर में स्थिति जर्जर भवन की नीलामी 13.08.2022 शनिवार समय पूर्वाहन 11:30 सुनिश्चित की गयी है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर नीलामी में प्रतिभाग करना सुनिश्चत करें।

प्रधानाध्यापिका
कम्पोजिट विद्यालय फतूहपुर उपरहार
वि. ख. कौड़िहार प्रथम, प्रयागराज


### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 10 अगस्त को सोनाई में

**करछना।** विकास खंड के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल प्रयागराज के तत्वाधान में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 10 अगस्त को सरदार पटेल पीजी कॉलेज सोनाई में आयोजित किया गया है जिसमें समस्त करछना ब्लॉक के ग्रामीण खिलाड़ी से अपील की गई है कि प्रतियोगिता में पहुंचकर भाग लेकर सफल बनाएं प्रतियोगिता में व्यक्तिगत तथा सामूहिक दोनों प्रकार की विधाएं कराई जाएंगी तथा प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका दोनों में कराया जाएगा यह जानकारी करछना ब्लॉक के क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने दी और अपील किया कि उक्त प्रतियोगिता में क्षेत्रीय खिलाड़ी सहभागिता कर भाग ले और प्रतियोगिता को सफल बनाएं उक्त कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख करछना एवं खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार विशिष्ट एवं मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे।

# जनेश्वर मिश्र के सपनों को साकार करने का प्रयास करते हैं अखिलेश यादव : नरेन्द्र सिंह

अखंड भारत संदेश

**छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 90वीं जयन्ती पर सपाजनों ने उनके चित्र पर माला फूल अर्पित कर किया नमन**



**मेजा।** महान समाजवादी नेता एवं केन्द्र मे कई बार मंत्री रहे छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 90वीं जयन्ती पर सपाइयों ने शुक्रवार को मेजा क्षेत्र के भड़ेवरा मे उनके चित्र पर माला फूल अर्पित कर उन्हें याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। सपा के वरिष्ठ नेता एवं निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह के अगुआई मे सपा नेताओं और कार्यकताओं द्वारा जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माला फूल अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई।छोटे लोहिया के परम शिष्य नरेन्द्र सिंह ने मेजा के भड़ेवरा मे अपने आवास पर अपने नेता की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजनीति सहित उत्तर प्रदेश की राजनीति मे जन नेता के रूप मे समाजवादी पार्टी के अन्दर और बाहर युवा नेतृत्व को पहचान दिलाने मे जनेश्वर मिश्र का श्रम साध्य प्रयास सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने जीवन पर्यन्त शोषितों, दमितों और कमजोरों के पक्ष मे संघर्ष किया। नरेन्द्र सिंह ने कहा कि श्रद्धेय जनेश्वर मिश्र सम्पन्नता और समानता के लिए होने वाले संघर्ष के बहुत बड़े रचनाकार थे उनकी मौजूदगी मे बहुत बड़ा बल होता था, आज उनकी याद को ही उनकी मौजूदगी मे परिवर्तित करने की जरूरत है। निवर्तमान सपा प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि आज सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जनेश्वर मिश्र के संघर्षों और सपनों को साकार करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर पीयूष कुमार सिंह राजू, नरेन्द्र नाथ मिश्रा, शिवानंद शुक्ल, मुनि नारायण यादव,प्रेम चंद यादव, हिमांशु कुमार सिंह,फिरोज खान, अशर्फी पाल, हर्षित मिश्र, विजय बहादुर कुश्वाहा, पारस निषाद, भैया लाल सेठ, प्रदीप सेठ आदि रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरौल वि. ख. करछना प्रयागराज**

**टेण्डर/कोटेशन**

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत खजुरौल विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 06–08–2022 से दिनांक 20–08–2022 को अपराहृन 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत खजुरौल में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 21–08–2022 को अपराहृन 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला 21–08–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराहृन तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस. टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | राजेश के घर से पंचराज के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 11.39 लाख | 3 माह |
| 2. | चन्द्रकली के घर से राजेश के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.98 लाख | 3 माह |
| 3. | पक्की सड़क से महर्षि बाल्मीकि तक खडंजा निर्माण कार्य | 3.98 लाख | 3 माह |
| 4. | राजेन्द्र के घर से सुनील के घर तक इण्टलाकिंग कार्य | 3.99 लाख | 3 माह |

संदीप कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरौल
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक 05-08-2022

महेश कुमार
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खजुरौल
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेसियों ने लगाया जाम, गिरफ्तार

## गिरफ्तारी के बाद पुलिस लाइन ले जाया गया कांग्रेसियों को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आज महंगाई, बेरोजगारी व खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा अंबेडकर चैराहा से सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकालकर महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।

कांग्रेसजनों का जुलूस जैसे ही पुलिस लाइन चैराहे पर पहुंचा कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस ने आगे बढ़ने से रोका काफी तकरार हुई नोकझोंक हुई। उसके उपरांत पुलिस द्वारा जोर जबरदस्ती कर कांग्रेस कार्यकताओं को गिरफ्तार कर पुलिस वैन में लादकर पूरे शहर में घुमाते हुए पुलिस लाइन के अंदर लेकर आए स सैकड़ों की संख्या में गिरफ्तार हुए कांग्रेसियों को पुलिस लाइन में टीन शेड के नीचे बैठाया गया। गिरफ्तारी के उपरांत कांग्रेस कार्यकताओं एवं पदाधिकारीयों की एक बैठक पुलिस लाइन में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वीके सिंह ने एवं संचालन नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरफान अली ने किया। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रतापगढ़ सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी एडवोकेट ने कहा आज पूरे देश में महंगाई, बेरोजगारी एवं अग्निवीर योजना के खिलाफ गिरफ्तारी दी जा रही है। नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि यह सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। जिला उपाध्यक्ष डॉ. वी.के.सिंह ने कहा कि इस सरकार में महंगाई पर कोई नियंत्रण नही रह गया है अब तक के इतिहास की सबसे विफल सरकार है। जिला प्रवक्ता कपिल द्विवेदी ने कहा कि इस सरकार में अग्निवीर योजना वापस लेनी होगी कांग्रेस पार्टी के कार्यकत्र्ता युवाओं के लिए हर तरह का संघर्ष सड़कों पर करेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा ने कहा कि यह सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल है युवाओं का आक्रोश इस सरकार के पतन का कारण बनेगा। पुलिस लाइन में गिरफ्तारी के दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, महेंद्र शुक्ला, रोहित शुक्ला, प्रेम शंकर द्विवेदी, यमुना प्रसाद पाण्डेय, इम्तियाज अहमद, सरोज कश्यप, बिना रानी, सुनीता सिंह पटेल, श्याम शंकर तिवारी, उत्सव भूषण पाल, आशुतोष तिवारी, शुभम शुक्ला, मो.सद्दाम, सुरेश मिश्रा, योगेश यादव, सुभाष तिवारी, चरण सिंह यादव, बैजनाथ यादव, राम लखन यादव, सोनी तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, सूर्य प्रकाश शुक्ला, मोनू मिश्रा, आयुष तिवारी, सूबेदार यादव, मकरंद शुक्ला, पृथ्वीराज गौतम, मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद हुजैफ, इंद्रानन्द तिवारी, अशोक सिंह, प्रशांत सिंह प्रिंसु, आशा देवी, अब्दुल रहमान, सत्यम शर्मा, मोनू सिंह, राकेश धर त्रिपाठी, अमित पाल, अखिलेश सरोज, कुलदीप, राहुल तिवारी, दिलीप गौतम, दीपक यादव, बृजेश यादव, महेंद्र प्रताप यादव, आशीष तिवारी, सलमान खान आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## महंगाई की जवाबदेही से बचने के लिये गतिरोध का बना रही माहौलः प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी, ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार अब संसदीय मयार्दाओं को भी ताख पर रखकर रोज बढ़ती महंगाई तथा बेरोजगारी व राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की दयनीय हालात से बचने के लिये विपक्षी नेताओं के भी लगातार उत्पीड़न पर अमादा है। श्री तिवारी ने कहा कि संसद का सत्र चल रहा है इसके बावजूद संसद सदस्य सोनिया गॉंधी व सांसद राहुल गॉंधी और राज्य सभा मे कांग्रेस संसदीय दल के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को इसलिये ई.डी. से सम्मन भेजवा रही है ताकि संसद में गतिरोध उत्पन्न हो और महंगाई तथा बेरोजगारी व बिगड़ती अर्थव्यवस्था पर चर्चा न हो सके। शुक्रवार को जारी बयान में श्री तिवारी ने कहा कि सरकार के इशारे पर हो रही इस प्रकार की कार्यवाही इरादतन सरकार की बदनीयति है कि जब संसद का सत्र चल रहा हो तो उसी बीच सोनिया गॉंधी और राहुल गॉंधी को भी ई.डी. से सम्मन भिजवाया गया। उन्होंने सरकार पर तगड़ा हमला करते हुये कहा कि अब तो सरकार की दूषित मंषा यहॉं तक आ पहॅुंची कि संसद के जारी रहने के बीच ही राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तक को वह एक जॉंच एजेंसी के द्वारा सम्मन भिजवाकर तानाषाही का निन्दनीय परिचय तक दिया है। श्री तिवारी का बयान यहॉं मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाष शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया है।

## जीजीआईसी में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मना रहे हैं हम, आजादी का अमृत महोत्सव मिलकर बहुत जरूरी है आजादी हर किसी के लिए, इसी जोष और जज्बे के साथ शुक्रवार को राजकीय बालिका इंटर कष्लेज प्रतापगढ़ में गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ के कुषल नेतृत्व में एवं विद्यालय के नोडल अधिकारी डष मोहम्मद अनीष के कुषल संयोजन में आजादी के अमृत महोत्सव का एक भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में छात्राओं को आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और और बताया गया कि 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हम सभी लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव को भव्य रुप से मनाना है, इसे जन-जन तक पहुंचाना है। सभी घरों में दुकानों में मकानों में विद्यालयों में और हर स्थान पर तिरंगा लहराएगा घर-घर तिरंगा लहराएगा।

इस कार्यक्रम की भव्यता के बारे में बताया गया इस अवसर पर डाक्टर विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कष्लेज बड़ौदा प्रतापगढ़ जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित हुए इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



जीजीआईसी में आयोजित महोत्सव में शामिल छात्राएं।

## ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को लेकर असमंजस !

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** नवसृजित नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के अस्तित्व में आते ही परिसीमित ग्राम पंचायतों के वर्तमान ग्राम प्रधानों के कार्यकाल को लेकर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। नगर पंचायत के परिसीमन से प्रभावित नौ ग्राम प्रधानों ने आनन फानन में उच्च न्यायालय के दरवाजे पर दस्तक देते हुए एक रिट याचिका नामचीन अधिवक्ता सन्तोष यादव वारसी के जरिए न्यायालय में दाखिल कर दिया। ग्राम पंचायत गम्भीरा के प्रधान राजेन्द्र पटेल व अन्य द्वारा योजित याचिका में विद्वान अधिवक्ता का तर्क सुनने के बाद याचिका स्वीकार करते हुए न्यायालय ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को निर्देशित किया है कि नगर पंचायत के सामान्य निर्वाचन घोषित होने से पूर्व याची ग्राम प्रधानों के कार्यकाल के सम्बंध में स्पष्ट निर्देश जारी करें। याची ग्राम प्रधानों को उम्मीद है कि पंचायती राज अधिनियम में वर्णित प्राविधान के अनुरूप वर्तमान कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात ही सरकार नगर पंचायत का सामान्य निर्वाचन कराएगी।

## सपाईयों ने मनाई जनेश्वर मिश्र की जयंती

### सपा कार्यालय पर हुई गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर शुक्रवार को समाजवादी चिंतक छोटे लोहिया के नाम से विख्यात स्व. जनेश्वर मिश्र की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर गोष्ठी के रूप में मनायी गयी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता गुलफाम खान व संचालन नि. जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्व. जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया हमेशा समाजवाद की बात करते थे और अपने जीवन काल में समाजवाद को आगे बढ़ाने का कार्य किये। गरीब, मजदूर, बेसहारों की हमेशा मदद किया करते थे। छोटे लोहिया जी हमेशा साधारण जीवन जिये। सभी समाजवादी साथियों को उनके पदचिन्हों पर चलकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य करें। इस अवसर पर प्यारे लाल खैरा, रमेश पाठक, डा.रामबहादुर पटेल, राव वीरेंद्र सिंह, मनीष पाल, मो.समीम पूर्व प्रमुख, निसार अहमद, रमेश यादव, रईश अहमद, पंकज शर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, मो.शोएब, ओम प्रकाश यादव, राजेश यादव ,फिरोज खां, सिराजुलहक, अमीरूल हक, अब्दुल हई, फारुक खान, महेश यादव, विजय शुक्ला, शशांक तिवारी, शाहिद राईन, रामबचन यादव, विजय यादव, मो.शफात आदि उपस्थित रहे।



जनेश्वर मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण करते सपाई।

## राजा भइया के पिता राजा उदय प्रताप को जिला प्रशासन ने किया हाउस अरेस्ट

### कुण्डा की दुकानें बंद, मजहबी गेट को हटाने के लिये अड़े थे राजा उदय

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा विधायक एवं जनसत्तादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भईया के पिता भदरी नरेश उदय प्रताप सिंह शुक्रवार की सुबह लगभग छह बजे नित्य क्रिया व मां भद्रकाली की पूजा पाठ के लिए भदरी कोठी गए थे, जहां जिला प्रशासन को भनक लगते ही भारी संख्या में पुलिस बल भदरी कोठी पहुँच गयी और उनको कोठी के अन्दर हाउस अरेस्ट कर दिया और बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दी गई।

बता दें कि भदरी नरेश उदय प्रताप सिंह शेखपुर आशिक गांव के अंदर जाने वाली सड़क के दोनों तरफ विशेष समुदाय वर्ग के लोगो ने मजहबी गेट अवैध तरीके से खड़ा कर दिया है जिसके विरोध में राजा उदय प्रताप दो दिन से कुण्डा तहसील में धरना दे रहे। डीएम-एसपी ने उन्हें मनाने की कोषिष की लेकिन जब वह नहीं माने तो प्रशासन ने उन्हें हाउस अरेस्ट करने का निर्णय लिया। उन्हें भदरी कोठी में रखा गया है, जहां भारी पुलिस बल तैनात है। इसके विरोध में कुण्डा की दुकानें शुक्रवार को बंद रही।

## 32 सीबीएसई विद्यालय के प्रधानाचार्य ने लिया हिस्सा

### डीआईओएस की अध्यक्षता में स्काउट गाइड की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड, प्रतापगढ़ के मुख्यायुक्त व डीआईओएस सर्वदा नंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्काउट भवन में आयोजित बैठक में जनपद के 32 सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

इसमें सीबीएसई से संबद्ध जिले के सभी विद्यालयों में 15 अगस्त तक कब, बुलबुल तथा स्काउट गाइड दलों का गठन और जिला संस्था से पंजीकरण कराने को कहा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट प्रार्थना से हुआ। जिला सचिव डॉ0 राघवेंद्र पाण्डेय ने जनपद में स्काउट गाइड की गतिविधियों, जिला कमिश्नर स्काउट प्रमोद कुमार तिवारी ने दलों के पंजीकरण की प्रक्रिया तथा प्रयागराज मंडल के एएसओसी कमलेश द्विवेदी ने छात्रों और विद्यालयों के साथ समाज को स्काउटिंग गाइडिंग से मिलने वाले लाभ, सम्मान तथा पुरस्कार आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिला मुख्यायुक्त ने उपस्थित सभी महानुभावों से अपने स्तर से विद्यालयों में स्काउटिंग गाइडिंग और अन्य पाठ्य सहगामी क्रिया कलापों का आयोजन करने, एक दूसरे के संसाधनों का उपयोग करने,सीबीएसई, आईसीएसई और यूपी बोर्ड के विद्यालयों को परस्पर सामंजस्य व सहयोग से बच्चों को अधिक अंक के बजाय उनकी दक्षता और प्रदर्शन को बढ़ाने का सुझाव दिया। जिला गाइड कमिश्नर गीता यादव ने सबके प्रति आभार ज्ञापन किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य संजय शर्मा, एसके दास,अंकित शुक्ला, नरेंद्र पांडेय, अनिल सिंह, मनोज पांडेय, बृजेश चैधरी, आलोक विश्वकर्मा, नरेंद्र तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र, श्रवण सुकुमारन, मुहम्मद सोनू, विनोद मौर्य के अलावा राजाराम यादव डीओसी, काउंसलर बृजेंद्र, मनोज विश्वकर्मा, हिमांशु शर्मा, गिरेंद्र दुबे आदि उपस्थित रहे।



स्काउट गाइड की बैठक में बोलते अतिथि।

## चलती कार में अज्ञात कारणों से लगी आग जलकर हुई खाक

### कार से उतर कर लोगों ने बचाई जान, लालगंज नगर की है घटना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को खरीदारी के लिए निकले युवक की कार में अचानक आग लग गई। कार में बैठे लोग किसी तरह बाहर निकल कर जान बचाई। स्थानीय नगर के शीतलमऊ निवासी आनंद शुक्ल पुत्र शशिकांत शुक्ल अपने मित्र के साथ खरीदारी के लिए निकले थे।

वह लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग से प्रतापगढ़ की ओर से लगभग ढ़ाई बजे दोपहर बाद इंदिरा गांधी चैक की तरफ आ रहे थे। वह जैसे ही बीओबी के सामने पहुंचे कि कार से आग की लपटे दिखाई दी। आनन-फानन में कार में सवार दोनों लोग सुरक्षित निकल कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग तेज रूप धारण कर लिया। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर राहगीरों के साथ दुकानदारों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने फायर ब्रिगेड़ को सूचना दी। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## महाविद्यालय ने चलाया जन जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एम एम पी जी कालेज कालाकांकर के प्राचीन इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग के प्रभारी भूपेश प्रताप सिंह,गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ प्रीति सिंह, एनसीसी प्रभारी प्रो शिव भूषण गुप्ता के संयोजक तत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक सघन जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत गांव गांव जाकर विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को जन्म से लेकर 1000 दिनों तक बालक के लिए महत्वपूर्ण पोषण के विषय में ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की।

साथ ही साथ मां के दूध का मानव जीवन के लिए महत्व पर भी जागरूकता प्रदान करने का सक्षम प्रयास किया। आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वतंत्रता दिवस समारोह के संयोजक प्रो रामकरण डालचंद आनंद, मुख्य नियंता प्रो इंदु रेखा सिंह उप मुख्य नियंता सर्वेश कुमार सिंह सुश्री ज्योति गुप्ता विशेष रुप से जन जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और सफलता पूर्वक रैली निकाली। राजभवन कालाकाकर में सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन राजभवन के प्रबंधक डॉ घनश्याम यादव ने किया। प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए सभी संबंधित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी।



जनजागरुकता रैली में शामिल छात्र-छात्राएं ।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में 06 अगस्त को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील पट्टी में किया जायेगा। इसके अलावा तहसील रानीगंज में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) व तहसील लालगंज में मुख्य राजस्व अधिकारी व अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 20 अगस्त को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में, मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा एवं अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

## घर से महिला लापता, परिजनों ने दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद जब महिला का पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट के लिए शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सघईपुर गांव के रहने वाले दिनेश चैरसिया पुत्र छोटेलाल ने एक तहरीर देकर बताया कि उनकी माता प्रमिला देवी (50) बीते 26 जुलाई को घर से रात में गायब हो गई। आसपास तथा नात रिश्तेदार तथा अन्य संभावित स्थानों पर खोजबीन करने के बाद महिला का पता नहीं चला तो परिजनों ने महिला के गायब होने की सूचना कोतवाली में दिया है।

## बाइक सवारों ने युवक की मोबाइल छीनी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रास्ते में बात करते हुए जा रहे एक युवक की मोबाइल बाइक सवार बदमाश छीन कर भाग गए। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भरोखन गांव का रहने वाला विनय पुत्र मेवालाल ने शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने घर से कुछ दूर स्थित केसरी नंदन धाम पर अपने एक साथी से मोबाइल से बात कर रहा था, तभी दो बाइक सवार पहुंचे और उसका मोबाइल छीन कर वहां से फरार हो गए पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर आरोपी बाइक सवारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज पुलिस ने गुरुवार की सुबह स्कूल जा रही बच्चो से भरी बस को पीछे से टक्कर मारने वाले अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ तहरीर दिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मालूम हो कि गुरुवार की सुबह लगभग 7 बजे कुंडा की तरफ से यू0 पी070 ए टी 0883 बस को चालक मो0 अंसार लेकर चिन्मया विद्यालय व डीएवी स्कूल के बच्चों को ऊँचाहार एनटीपीसी ले जा रहा था जो प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे पर नवाबगंज थाना के बाजिदपुर छिनौरा मोड़ पर बस को खड़ी करके बच्चों को बैठा रहा था कि पीछे से आ रही टैंकर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें दो दर्जन बच्चो सहित चालक घायल हो गया। बस मालिक दीपांकल पुत्र विनोद कुमार निवासी कुंडा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ विभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज किया।

## खेलकूद प्रतियोगिता के लम्बी कूद में अनुभव ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के माँ भवानी द्वार मिश्रपुर में आयोजित एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आयोजक मनोज कुमार उर्फ गुड्डू ओझा (प्रधान पर्वेक्षक) ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में प्रथम दिवतीय व तृतीय विजेता खिलाड़ियों को नकदी पुरस्कार आयोजक की तरफ से दिया गया जिसमें लम्बीकूद में पहला स्थान पाने वाले खिलाड़ी अनुभव यादव पिगिया निवासी को 11 हजार रुपया, दूसरा स्थान पाने वाले खिलाड़ी राम विशाल पिगिया निवासी को 7500 सौ रुपया व तीसरा स्थान पाने वाले खिलाड़ी मलकेश सरोज मिश्रपुर को 5100 सौ रुपया का नकद पुरस्कार आयोजक मनोज कुमार ओझा उर्फ गुड्डू ने भेंट किया और कहा कि प्रतियोगिता में हार जीत कोई मायने नही रखता।

प्रत्येक खिलाड़ी को प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व उसे लक्ष्य मानकर चलना चाहिए तभी सफलता मिलती है। खिलाड़ियों को सम्मानित व पुरस्कृत करने से उनका उत्साह दो गुना बढ़ जाता है। इस मौके पर दिनेश चन्द्र तिवारी, शिव मूर्ति मिश्रा, रवि तिवारी, शिवम ओझा, बुधई यादव, पंकज मिश्रा, विनय तिवारी, राकेश सरोज, हरपाल, आशिकी सरोज, लल्ला सरोज आदि लोग मौजूद रहे।



लम्बी कूद मे प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

## रीवर डेल स्कूल में टीकाकरण कैंप कल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के संयुक्त प्रयास से सात अगस्त रविवार को कोविड टीकाकारण का विशेष कैम्प ओल्ड रीवर डेल पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड पर लगेगा। जिसमें 18 साल और उसके ऊपर वालों को टीका लगाया जायेगा। शुक्रवार को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर पर आयोजित बैठक में यह जानकारी रमेश नटराज ने दी। उन्होंने बताया कि कैम्प स्वास्थ महकमे की तरफ से लगाया जा रहा है। रोटरी क्लब और बच्चा बैंक दोनो ने मिलकर अभी तक काफी सारे टीकाकरण कैंप आयोजित किए हैं। संचालन रोटेरियन अश्वनी केसरवानी ने किया। बैठक में सचिव शरद केसरवानी, रोटेरियन अधिवक्ता उमेश प्रताप सिंह, विनोद तिवारी, विनोद लखमानी, शनि सरोज, रोहित और राहुल समेत कई लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अमृत सरोवर के निर्माण स्थल को अराजक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

**पश्चिम सरीरा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के रकसौली ग्राम सभा में अमृत सरोवर तालाब का निर्माण हो रहा है इसी अमृत सरोवर तालाब में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया जाना प्रस्तावित है लेकिन बीती रात अमृत सरोवर के निमार्णाधीन स्थल को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है ग्राम प्रधान ने पश्चिम सरीरा थानेदार को शिकायती पत्र देकर अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है।

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध पलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सहाबुद्दीन पुत्र ताजुद्दीन निवासी यूसुफपुर थाना सराय अकिल को एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा करातूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# जिलाधिकारी ने गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**किसी गोवंश की इलाज के अभाव में मृत्यु होने की शिकायत न आने पाये**



बैठक करते डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जनपद के सभी गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के सम्बन्ध में बैठक की गयी बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं सभी पशु चिकित्साधिकारियों को गौशालाओं में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये उन्होने कहा कि गौशालाओं में केयरटेकरों की रोस्टरवाइज ड्यूटी लगाई जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि गौशाला में रात्रि में कम से कम दो केयरटेकर अवश्य रहें उन्होंने सभी पशु चिकित्साधिकारियों की ड्यूटी लगाकर प्रतिदिन गौशालाओं का निरीक्षण कराने एवं निरीक्षण आख्या उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दियें उन्होंने पशु चिकित्साधिकारियों से कहा कि गौशालाओं में बीमार गोवंशों का इलाज सुनिश्चित किया जाय, किसी गोवंश की इलाज के अभाव में मृत्यु होने की शिकायत न आने पाये तथा सभी गोवंशों की शत-प्रतिशत ईयर टैंगंग सुनिश्चित किया जाय जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं सचिव ग्राम पंचायतों से कहा कि सभी गौशालाओं में पर्याप्त भूसा आदि उपलब्ध रहें भूसा चारा की कमी की सूचना प्राप्त होने पर सख्त कार्यवाही की जायेंगी इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम ने की जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति एवं जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान उद्यमियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर विगत एक माह में कुल 574 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 25 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लंम्बित है, जिसमें से प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के-12, कृषि विभाग के-06 उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के-01 आईटीविभाग के-01 एवं खाद्य व औषधि विभाग के-03 सम्मिलित हैं, जिस पर डीएम ने प्राथमिकता के आधार पर प्रकरण को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत 42 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 20 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके है इसी प्रकार एमवाईएसवाई योजना के तहत 45 लक्ष्य के सापेक्ष 16 तथा ओडीओपी योजनान्तर्गत 40 लक्ष्य के सापेक्ष 05 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं जिस पर जिलाधिकारी ने अग्रिम आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फिर हुई एक विवाहिता की मौत

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली के फैजुल्लापुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की फिर मौत हो गई है बताया जाता है कि महिला ने किसी बात पर जहर खाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक राजेश कुमार रैदास निवासी फैजुल्लापुर खेती बारी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है उसकी पत्नी उर्मिला देवी उम्र 32 साल थी जिसके तीन बच्चे थे दो लड़का ओर एक लड़की है करीब समय दो 2 बजे पति पत्नी में विवाद हुआ मृतक महिला के पति का कहना है कि इसी बात से नाराज महिला ने अचानक जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया लेकिन महिला के पति की बातों में तमाम झोल है अचानक कहासुनी के बाद महिला के पास जहरीला पदार्थ कहां से आया उसे जहरीला पदार्थ लाकर देने वाला कौन था या किसी ने उसे जहरीला पदार्थ लाकर खिला दिया है यह तमाम सवाल महिला की मौत पर खड़े हो गए हैं मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। विवाहिता की मौत के बाद तमाम अनसुलझे सवाल खड़े हैं जिनकी जांच कर पुलिस को विवाहिता की मौत से पर्दा उठाए जाने की जरूरत है।

## न्यूज झरोखा

### डीएम ने डायट मैदान में कराये जा रहें विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के दिये निर्देश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा डायट मैदान मंझनपुर में कराये जा रहें विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी ने ईओ मंझनपुर सुनील मिश्रा से कराये जा रहें विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को जिलाधिकारी कार्यालय गेट के निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। ईओ मंझनपुर ने बताया कि डायट मैदान में 40 मीटर लम्बा तिरंगा (30 मीटर पोल एवं 10 मीटर लम्बा तिरंगा) फहराये जाने हेतु सभी कार्यों को 15 अगस्त से पूर्व पूर्ण कर लिया जायेंगा निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मंझनपुर प्रखर उत्तम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण

### बेहतर कार्यों के लिए महेवा घाट इंस्पेक्टर को एसपी ने दिया प्रशस्ति पत्र




**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक ने सीसीटीएनएस के प्रगति की समीक्षा की समीक्षा के संबंध में माह जून के 12 पैरामीटर के डाटा के अनुसार जनपद कौशाम्बी के सभी थानों की रैंकिंग में थाना महेवाघाट द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया महेवा घाट थाना द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा प्रभारी निरीक्षक महेवाघाट रोशन लाल को प्रशस्ति पत्र दिया है।

### दबंगों ने महिला को पीटा

**पश्चिम शरीरा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के नाग चौरी का पूरा पूरब शरीरा निवासी मालती देवी पत्नी लाल मुनि ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव के दबंग पड़ोसी नवनीत पांडेय आदि उससे रंजिश रखते हैं नाली का पानी नहीं बहने दे रहे हैं इस बात को पूछने पर विपक्षी आक्रोशित हो गए हैं और 3 अगस्त की शाम 5:00 बजे लाठी डंडे से लैस होकर विपक्षियों ने महिला को पीटा है बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के पति और बेटों को भी पीटा गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है महिला का कहना है कि थाना पुलिस भी विपक्षियों से सांठगांठ कर चुकी है और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं कर रही है।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त सुशील उर्फ तीरथ नाई पुत्र छेदी लाल निवासी मुकीमपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त हबीब पुत्र खालिक निवासी शिवराह थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# जलसा ए शोहदा ए इस्लाम व शोहदा ए कर्बला

**जमीयत उलेमा जिला कौशांबी के जेरे एहतेमाम चलने वाला पन्द्रह रोजा प्रोग्राम**



जलसा में शामिल लोग

**कौशाम्बी।** बउनवान शोहदा ए इस्लाम व शोहदा ए कर्बला ) का चौथा जलसा पुरखास उत्तर महल्ला मरकज वाली मस्जिद में बाद नमाज मगरिब जनाब हाफिज व कारी अब्दुल राजिक साहब रूक्न जमीयत उलेमा जिला कौशाम्बी की सदारत में मुन ?किद हुआ प्रोग्राम का आगाज जनाब हाफिज व कारी अब्दुल राजिक साहब की तिलावत से हुआ और दो तालिब इल्मों ने बारगाहे रिसालत में नजरान ए अकीदत पेश किया और निजामत के फराएज जनाब कारी अब्दुल राजिक साहब ने अंजाम दिया। फिर मौलाना मुफ्ती मुरशिद कासमी महासचिव जमीयत उलेमा जिला कौशाम्बी ने जलसा को खिताब करते हुए कहा के इस्लाम की पूरी तारीख शहादतों से भरी पड़ी है और शोहदा ए कर्बला का वाकिया बहुत ही दर्द भरा वाकिया है और हजरत हुसैन र. अ हस्ती और वह जात हैं के जिनके बारे में हम सब के आका जनाब हजरत मोहम्मद स. ने फरमाया के हुसैन र. मुझसे है और मैं हुसैन र. से हूं और हुसैन र. वह है जो मेरे नबी सल्ललाहु अलह वसल्लम की गोद में खेला करते थे जिनकी वजह से मेरे नबी खुत्बा को रोक दिया करते थे जिनकी वजह से सजदा को लंबा कर दिया करते थे जिनको प्यास लगती तो मेरे आका तड़प उठते रोने की आवाज सुनते तो बेचैन हो जाते और हुसैन र. वह है जिनके बारे में सहाबा इकराम कहते हैं के हजरात हसनैन र. के जिस्म का आधा-आधा धड़ हमारे नबी स. जिस्म अतहर के मुशाबा था और जब हजरत हसनैन र. हमारे सामने होते तो ऐसा लगता के हम अपने नबी को देख रहे हैं।
चुनांचे उसी हुसैन र. ने कर्बला के मैदान में सजदे की हालत में सर कटा दिया और जाते जाते पूरी उम्मत को कयामत तक आने वाले लोगों को यह पैगाम दिया के ए लोगो जान जाए जाने दो सर कट जाए कटने दो लेकिन बातिल के सामने जालिम के सामने कभी सर न झुकाना जुल्म की हिमायत मत करना और किसी भी हाल में नमाज ना छोड़ना जब तक तुम्हारे जिस्म में जान और रूह रहे तब तक नमाज पढते रहना और मौलाना ने बताया के दीन में हजरत हुसैन र. का नाम लेकर यह जो बहुत सारी बातें राएज कर दी गई जिनको दीन समझ कर किया जा रहा यह दीन नहीं है इससे बचना लाजिम है और जरूरी है हां दीन वह है जो हमारे नबी स. ने बताया है और नबी ने बताया कि रमजान के रोजे के बाद सबसे अफजल रोजा माहे मुहर्रम यानी आशूरा का रोजा है और हमें यह भी बताया के आशूरा के दिन जो शख्स अपने अहलो अयाल पर खर्च करने में वुस्अत करता है तो अल्लाह तआला पूरे साल उसकी उसी तरह खिलाते हैं अल्लाह तआला हम सब को दीन की सही समझ अता फरमाए। इस मौके पर कारी अब्दुल राजिक साहब, मौलाना मोहम्मद जैद कासमी, मौलाना मुफ्ती मोहम्मद मुरशिद कासमी, मौलाना अजीमुल्ला, सैफी भाई, दीगर उलेमा ए कराम और कसीर तादाद में लोग मौजूद रहे और जनाब कारी अब्दुल राजिक साहब की दुआ पर जलसा का इख्तेताम हुआ।

### आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत निकली गई रैली

**कौशाम्बी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महिला शक्ति केन्द्र की बालिकाओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता के साथ ही जागरूकता रैली निकाली गयी जिसके अन्तर्गत वंदे मातरम, झण्डा ऊंचा रहे हमारा, स्लोगन के साथ हर घर तिरंगा फहराया जायेंगा के नारे के साथ जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जिला कार्यकारिणी का रविवार को होगा गठन

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की कौशांबी जिला कार्यकारिणी का गठन 7 अगस्त रविवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में किया जाएगा। यह जानकारी पार्टी प्रमुख अजय सोनी ने दी। अजय सोनी ने पार्टी के सभी प्रमुख कार्यकताओं को रविवार समय 11 बजे पार्टी कार्यालय मंझनपुर आने का आह्वान किया है।

**10 अभियुक्त गिरफ्तार** : कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में धाना मंझनपुर से दो थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना चरवा से एक थाना कोखराज से तीन थाना सैनी से दो थाना कड़ाधाम से एक कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

# शिक्षक बना माफिया शिक्षा व्यवस्था हुई चौपाट !

अखंड भारत संदेश

**खंड शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी माफिया बने इस दबंग शिक्षक के आगे है नतमस्तक**

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रूपनारायण पुर सैलाबी का शिक्षक माफिया बनने की राह पर चल चुका है माफियाओं की तरह ब्लैक फिल्म लगाए लग्जरी वाहन से विद्यालय आना नवाबों की तरह विद्यालय के गेट पर वाहन को खड़ा कर आने जाने का रास्ता बंद कर देना बच्चों से रूआब में बात करना अभिभावकों के आने पर उनसे लंठई पर उतराना शिक्षक की कारगुजारी में शामिल है विद्यालय का गेट दबंग्ग शिक्षक के वाहन का पार्किंग स्थल बन गया है जिससे स्कूल के बच्चों को गेट के अंदर जाने में दिक्कत होती है लेकिन उसके बाद भी शिक्षक से माफिया बने इस दबंग शिक्षक पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यवाही नहीं कर सके हैं दबंग शिक्षक के आगे अधिकारियों की बोलती बंद हो चुकी है इस विद्यालय में रंग रोगन का बजट मिलने के बाद लग्जरी गाड़ी के रखरखाव में खर्च किया जाता है विद्यालय की हालत दुर्दशा ग्रस्त है लेकिन उसके बाद भी रंग रोगन की रकम हड़प करने वाले शिक्षक पर मुकदमा नहीं लिखा गया है मिड डे मील दोपहर भोजन इस विद्यालय में कभी रोस्टर से नहीं बनता है लेकिन उसके बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी माफिया बने इस दबंग शिक्षक के आगे नतमस्तक है। दबंग शिक्षक को बच्चों को शिक्षा देने में भी दिलचस्पी नहीं है केवल समय व्यतीत कर घर जाने की उसे जल्दी रहती है आवासीय भत्ता मिलने के बाद भी दबंग शिक्षक तैनाती स्थल पर निवास नहीं कर रहे हैं लेकिन किसकी मजाल है कि शिक्षक को तैनाती स्थल पर रहने को मजबूर कर दे और यदि दबंग शिक्षक तैनाती स्थल पर नहीं रहना चाहते तो उनके आवासीय भत्ता पर रोक लगा दे बेसिक शिक्षा अधिकारी का साहस नहीं रह गया है आखिर शिक्षक से माफिया बनने की मानसा रखने वाले शिक्षकों के सहारे कैसे परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था सुधरेगी यह पूरी व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।



विद्यालय में रंगाई पुताई की दुर्दशा का हश्य



विद्यालय गेट पर खड़ी शिक्षक की लग्जरी कार

# डेढ़ महीना से स्कूल नहीं आया सफाई कर्मी

अखंड भारत संदेश

**जहां डेढ़ महीने से सफाई नहीं होगी वहां फाइलेरिया जैसी बीमारी दस्तक देगी**

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आलमचंद् ग्राम सभा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय पिपरहटा में डेढ़ महीने से सफाई कर्मी नही आया जिससे स्कूल का शौचालय बुरी तरह से बदबू करने लगा शौच के लिए वहां के बच्चों को बाहर खुले में जाना पड़ रहा है स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां इस स्कूल में उड़ाई जा रही है आखिर किसके संरक्षण में सफाई कर्मी इतना हौसला बुलंद है कि वह स्कूल की सफाई करने में मनमानी पर उतारू है तमाम शिकायतों के बाद भी प्रधान पंचायत सचिव और खंड विकास अधिकारी सफाई कर्मी की मनमानी पर रोक नहीं लगा सके हैं डेढ़ महीने बाद भी उसके वेतन को अवरुद्ध नहीं किया गया है वहां के प्रधानाचार्य व रसोईया में काम करने वाली महिलाओं से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जून से जब से स्कूल खुला है शुरूआत में हमने एप्लीकेशन ग्राम पंचायत प्रधान को दे दिया है सवाल उठता है कि ग्राम पंचायत प्रधान को सूचना देने के बावजूद सफाई कर्मी स्कूल में नहीं पहुंचा वहां की रसोइयों को मजबूरन फील्ड को साफ करना पड़ता है वह शौचालय अभी तक नहीं साफ हुआ वहां शौचालय में इतनी बदबू आती है कि वहां के बच्चों मल मूत्र क्या करने के लिए बाहर जाते हैं वहां की प्रधानाचार्य व शिक्षकों व रसोईया में काम करने वाली महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इस स्कूल के शौचालय में गंदगी का जिम्मेदार ग्राम पंचायत प्रधान व सेक्रेटरी की लापरवाही देखी जा रही है ऐसी गंदगी के कारण फाइलेरिया तथा अन्य बीमारी भी उत्पन्न होते हैं वा बच्चे बीमार हो जाते हैं बीमारी होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं आते तो बच्चों का भविष्य बेकार होगा स्कूल नहीं आने के कारण आखिर बच्चों का भविष्य बेकार करने में प्रधान क्यों लगे हैं।



चौपट व्यवस्था के बारे में बताते छात्र

# अमृत महोत्सव के तहत किया जायेगा कोविड प्रिकॉशन डोज टीकाकरण

अखंड भारत संदेश

**7 अगस्त (रविवार) को होगा मेगा कैंप का आयोजन**

**कौशाम्बी।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 जुलाई से 75 दिनों के लिए प्रदेश में 18 साल से 59 वर्ष आयु के नागरिकों को निशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाई जा रही है। इसी क्रम में 7 अगस्त को जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा कैंप लगेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने दी ' उन्होंने बताया कि मेगा कैंप का उद्घाटन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 10.03 लाख लक्ष्य के सापेक्ष 4.60 प्रतिशत लाभार्थियों को प्रिकॉशन डोज से आच्छादित किया जा चुका है जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि जनपद में प्रिकॉशन डोज .1003738 के लक्षित पात्र हैं जिनमे से 46194 को प्रिकॉशन डोज का टीकाकरण किया जा चुका है बाकि के समस्त पात्र वयस्क नागरिकों को प्रिकॉशन डोज से आच्छादित किए जाने एवं टीकाकरण की गति को बढ़ाए जाने के उद्देश्य से 7 अगस्त 2022 को प्रिकॉशन डोज मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। जनपद के जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं चिन्हित हेल्थ वैलनेस सेंटर पर प्रिकॉशन डोज मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। डी.सी.पी.एम संजय कुमार ने बताया कि इंटीग्रेटेड कोविड-19 सेंटर के माध्यम से फोन काल एवं निगरानी समिति फ्रंटलाइन वर्कर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती द्वारा व्यक्तिगत फॉलोअप करते हुए समस्त लक्षित लाभार्थियों को मेगा कैंप के संबंध में अवगत कराते हुए उक्त दिवस को निशुल्क प्रिकॉशन डोज के टीकाकरण के लिए उन्हें प्रेरित किया जाएगा।

### कोरोना वायरस के बचाव हेतु क्या करें

**कौशाम्बी।** अपने हाथों को बार बार साबुन एवं साफ पानी से धोए ,हाथों से नाक मुंह व आंख को बारबार न छुए, खासते और छींकते समय इस्तेमाल किए टिशु पेपर को कूड़ेदान में फेंके एवं मुंह नाक को अच्छी तरह ढक कर रखें, बुखार खांसी तथा सांस लेने में परेशानी हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें ,खासी बुखार होने पर यात्रा न करें और नियमित रूप से साफ सफाई का ध्यान दें ,भीड़ भरी जगहों पर जाने से बचें।

# दो लाख की लागत से बना शौचालय 2 घंटे की नहीं झेल सका बारिश...

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकारी स्कूलों के दुर्दशा के मामले में अधिकारी गंभीर नहीं है बार-बार अधिकारियों से शिकायत हो रही है लेकिन अधिकारी दोषी पर कार्यवाही कर व्यवस्था सुधारने में तेजी नहीं दिखा रहे हैं जिससे व्यवस्थाएं चौपट दिख रही है ताजा मामला सिराथू क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव के मजरा भैसहापर के प्राथमिक विद्यालय के शौचालय निर्माण का है बीते वर्ष 1 लाख 91 हजार से अधिक की रकम खर्च कर प्राथमिक विद्यालय में शौचालय का निर्माण कराया गया था पुराने शौचालय में ही रंग रोगन कर नए शौचालय की धनराशि निकाल ली गयी शौचालय निर्माण के बाद उसका ठीक से उपयोग भी नहीं हो सका और शौचालय ध्वस्त हो गया है 2 घंटे की बारिश में प्राथमिक विद्यालय भैसहा पर का शौचालय ध्वस्त हो गया है टाइल्स सीट टूट चुकी है शौचालय उपयोग लायक नहीं है सरकारी धन बर्बाद हो गया लेकिन मामले में शिकायत के बाद भी अधिकारी गंभीर नहीं है अब सवाल उठता है कि शौचालय निर्माण की जांच किन-किन अधिकारियों ने की है निर्माण के धांधली में लगे लोगों से किस-किस अधिकारी ने हिस्सेदारी वसूली है प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक ग्राम प्रधान के साथ विकास खंड कार्यालय से लेकर विकास भवन तक के कितने अधिकारियों पर इस योजना के भ्रष्टाचार पर मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराई जाएगी यह अकेला मामला नहीं है आए दिन जिले में भ्रष्टाचार धांधली के मामले उजागर हो रहे हैं लेकिन दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो रही है गांव के श्रीपाल सिंह रवि सिंह आदि ने सीडीओ को फिर शिकायती पत्र देकर शौचालय निर्माण की धांधली में सरकारी रकम गबन की जांच कराए जाने और दोषियों को दंडित कराने की मांग की है।




स्कूल के शौचालय का दृश्य

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर शुरू हुई मिड डे मील योजना उद्देश्य से भटकी

**पौष्टिक भोजन पर शिक्षा विभाग का लगा ग्रहण घटिया भोजन से भर रहे स्कूल के बच्चे पेट**

अखंड भाहरत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** परिषदीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के दोपहर भोजन मिड डे मील योजना में सरकारी स्कूल के जिम्मेदारों द्वारा बड़ा खेल खेला जा रहा है गांव क्षेत्र के कमजोर बच्चों को पुष्ट बनाने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दो दशक पूर्व शुरू हुई मिड डे मील योजना औपचारिकता बनकर रह गई है दोपहर भोजन से पौष्टिकता गायब हो चुकी है जिससे बच्चे भोजन तो कर रहे हैं लेकिन पुष्ट नहीं हो रहे हैं सरकारी स्कूल के अध्यापकों की लापरवाही के चलते सुप्रीम कोर्ट का निर्देश उद्देश्य से भटक गया है लेकिन पौष्टिकता विहीन भोजन की गुणवत्ता सुधारने के प्रति अधिकारी भी गंभीर नहीं है मिड डे मील के नाम पर केवल खानापूर्ति किया जा रहा है बच्चों को खाने के नाम पर दाल रोटी जिसमें जिसमें दाल में हल्दी एवं पानी से बनाई गई दाल में दाल का तो नामोनिशान नही दिखाई पड़ता है आखिर मिड डे मील योजना के नाम पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश का पालन कब होगा यह सवाल शिक्षा विभाग पर खड़े हो रहे है। आपको बताते चलें कि इन दिनों सिराथू क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की हालत बड़ी दयनीय है वार्ड नंबर 4 हौली पर सिराथू उच्च माध्यमिक विद्यालय का गुरुवार को पत्रकारों द्वारा भ्रमण कर मिड डे मील योजना की हकीकत देखी गई तो उस दौरान इंटरवल में स्कूल के बच्चों को भोजन नहीं मिल पा रहा है मिड डे मील योजना में टाइमिंग से कोई लेना-देना नहीं है सुबह 8:00 बजे का स्कूल 1:00 बजे भोजन 2:00 बजे छुट्टी यह कौन सा समय है जब मिड डे मील की खाने की गुणवत्ता की हकीकत की गई तो दाल में केवल हल्दी और पानी ही था दाल का तो नामोनिशान भी नहीं था जब पत्रकार ने मैडम से सवाल किया कि क्या इस तरह का घटिया खाना अपने बच्चों को खिलाएंगे तो मैडम ने कहा कि कदापि नहीं खिलाएंगे ऐसा खाना हम अपने बच्चों को कभी भी नहीं खिला सकते तो फिर सवाल यह उठता है कि जो स्कूल में मैडम पढ़ा कर खुद खाना बनवा कर स्वयं नहीं खा सकती अपने बच्चों को नहीं खिला सकती तो गरीब जनता के बच्चे क्यों घटिया किस्म का खाना खाएं यह स्थिति है सरकारी स्कूलों की एक-एक करके कई शिक्षिकाओं से बात किया गया कि आखिरकार इतना खराब खाना क्यों बनाया जा रहा है तो सभी ने कहा कि हेड मास्टर जाने उनका साफ कहना है कि मिड डे मील से उनका कोई लेना-देना नहीं है।




स्कूल का घटिया भोजन

संपादकीय

## प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन

**भारतीय** संस्कृति में प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार का उपभोगवादी विचार नहीं है। इसके विपरीत प्रकृति के प्रति सम्मान को महत्व दिया गया। इसके अंतर्गत उसके संरक्षण और संवर्धन का भाव समाहित है। ऐसा होने पर प्रकृति स्वयं मानव के लिए कल्याणकारी होगी। तब उस पर अधिकार जमाने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। तब किसी को यह बताने की जरूरत नहीं रहेगी कि प्राकृतिक संसाधनों पर पहला अधिकार किसका है। यह अधिकार का नहीं कर्तव्य का विषय है। प्रतिस्पर्धा अधिकार के लिए नहीं, कर्तव्य के लिए होनी चाहिए। तब किसी के लिए प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं रहेगी। भारतीय चिंतन के इस विचार को योगी आदित्यनाथ ने समझा। इसीलिए उन्होंने पांच वर्षों के दौरान प्राकृतिक संरक्षण और संवर्धन संबन्धी अभूतपूर्व कार्य किए हैं। पिछले कार्यकाल के दौरान प्रदेश में सौ करोड़ पौधों का रोपण का कीर्तिमान बनाया गया। दूसरे कार्य के शुरूआती दौर में ही पैंतीस करोड़ पौधों का रोपण हो रहा है। इसके साथ ही जल संरक्षण के भी व्यापक स्तर पर कार्य हुए हैं। इनका लाभ वहां के लोगों को मिल रहा है। अनेक सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया गया। इसमें पिछले चार दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाएं भी शामिल हैं। इससे सिंचित क्षेत्र का व्यापक विस्तार हुआ है। पश्चिम की उपभोगवादी संस्कृति ने पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचाया है। भारत के ऋषि हजारों वर्ष पहले ही पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दे चुके थे। यह आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। ऋषियों ने नदियों को दिव्य मानकर प्रणाम किया। जल में देवत्व देखा,उसका सम्मान किया। पृथ्वी सूक्ति की रचना की। वस्तुतः यह सब प्रकृति संरक्षण का ही विचार था। हमारी भूमि सुजला सुफला रही, भूमि को प्रणाम किया, वृक्षों को प्रणाम किया। उपभोगवादी संस्कृति ने इसका मजाक बनाया। आज वही लोग स्वयं मजाक बन गए। प्रकृति कुपित है, जल प्रदूषित है, वायु में प्रदूषण है। इस संकट से निकलने का रास्ता विकसित देशों के पास नहीं है। इसका समाधान केवल भारतीय चिंतन से हो सकता है। विश्व की जैव विविधता में भारत की सात प्रतिशत भागीदारी है। हमारे ऋषि युग द्रष्टा थे। वह जानते थे कि प्रकृति के प्रति उपभोगवादी दृष्टिकोण से समस्याएं ही उत्पन्न होंगी। इसीलिए उन्होंने प्रकृति की शांति का मंत्र दिया था। भारत के इतिहास और संस्कृति दोनों में जैव विविधता का महत्व दिखाई देता है। अथर्ववेद में विभिन्न औषधियों का उल्लेख है। जैव विविधता के संरक्षण को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक पेड़ और औषधियां लगाना हम सबका कर्तव्य है। जैव विविधता से हमारी पारिस्थितिकीय तंत्र का निर्माण होता है। जो एक-दूसरे के जीवनयापन में सहायक होते हैं। जैव विविधता पृथ्वी पर पाई जाने वाली जीवों की विभिन्न प्रजातियों को कहा जाता है। भारत अपनी जैव विविधता के लिए विश्व विख्यात है। भारत सत्रह उच्चकोटि के जैव विविधता वाले देशों में से एक है। विगत पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाये गये अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं।

## पसमांदा मुसलमानों का उद्धार

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

**देश** के कुल मुसलमानों में पसमांदा मुसलमानों की संख्या लगभग 90 प्रतिशत है। पसमांदा का मतलब है- पिछड़े हुए। इन पिछड़े हुए मुसलमानों में वे सब शामिल हैं, जो कभी हिंदू थे लेकिन उनमें भी पिछड़े, अछूत, अनुसूचित और निम्न समझी जानेवाली जातियों के थे। इस्लाम तो जातिवाद और ऊंच-नीच के भेद को नहीं मानता है लेकिन हमारे मुसलमानों में ही नहीं, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मुसलमानों में भी जातिवाद जस-का-तस कायम है, जैसा कि वह हिंदुस्तान में फैला हुआ है। पाकिस्तान के जाट, गूजर, अहीर, कायस्थ, खत्री, पठान और यहां तक कि अपने आप को ब्राह्मण कहने वाले मुसलमानों से भी मेरा मिलना हुआ है। अफगानिस्तान में पठान, ताजिक, उजबेक, किरगीज, खत्री और मू-ए-सुर्ख मुसलमानों से भी मेरा कई बार साबका पड़ा है। इन मुस्लिम देशों में भी जातिवाद मौजूद है लेकिन वह वहां दबा-छिपा रहता है। भारत में भी जातिवाद का जबरदस्त बोलबाला है। भारत के अशराफ और अजलाफ मुसलमान अरजाल मुसलमानों से हमेशा कोई न कोई फासला बनाए रखते हैं। पहले दो वर्गों में आनेवाले लोग अपने आप को तुर्कों, मुगलों और पठानों का वंशज समझते हैं और अजलाफ लोग वे हैं, जो ब्राह्मण और राजपूतों से मुसलमान बन गए हैं। भारत के मालदार, उच्च पदस्थ और शिक्षित मुसलमानों में अरजाल मुसलमानों की संख्या लगभग नगण्य है। उनमें ज्यादातर खेती, मजदूरी, साफ-सफाई और छोटी-मोटी नौकरियां करनेवाले गरीब लोग ही होते हैं। इन्हीं मुसलमानों को न्याय दिलाने के लिए तीन-चार पसमांदा नेताओं ने इधर कुछ पहल की है। उनमें से एक नेता अली अनवर अंसारी ने बड़ा सुंदर नारा दिया है, जो मेरे विचारों से बहुत मेल खाता है। वे कहते हैंः दलित-पिछड़ा एक समान। हिंदू हों या मुसलमान। मैं तो इसमें सभी भारतवासियों को जोड़ता हूं, वे चाहे किसी भी धर्म या जाति के हों। जाति और धर्म किसी का न देखा जाए, सिर्फ उसका हाल कैसा है, यह जाना जाए। हर बदहाल का उद्धार करना सरकार का धर्म होना चाहिए। इसीलिए मैं जातीय और मजहबी आरक्षण को अनुचित मानता हूं। आरक्षण जन्म से नहीं, जरूरत से होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पसमांदा मुसलमानों के साथ न्याय की आवाज उठाई है। मेरे ही सुझाव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिवंगत प्रमुख श्री कुप्प सी. सुदर्शन ने राष्ट्रीय मुस्लिम मंच की स्थापना की थी। यदि हम जाति और मजहब को सामाजिक और आर्थिक न्याय का आधार बनाएंगे तो देश में जातिवाद और सांप्रदायिकता का जहर फैला देंगे। ऐसा करके हम अगली सदी में भारत के कई टुकड़े करने का आधार तैयार कर देंगे। हमें ऐसा भारत बनाना है, जिसके महासंघ में भारत के पड़ोसी हिंदू, सुन्नी, मुस्लिम, बौद्ध और शिया देश में शामिल होने की आकांक्षा रखें।

# वन्य जीवों की रक्षा करें...!

सुनील कुमार महला



**पेड़**, जीव-जंतु इस जगत के आधार स्तंभ हैं। पेड़ पौधे नहीं तो वन्य जीव नहीं और वन्य जीव नहीं तो मनुष्य को भी अनेक प्रकार की बाधाओं, समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज वन कम हो गये हैं, वन्य जीवों का शिकार किया जा रहा है। वन्य जीवों का अवैध कारोबार जारी है। यह कारोबार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फलता फूलता जा रहा है, इससे वन्य जीवों की जान पर बन आई है। वन्यजीवों की तस्करी से तात्पर्य जीवित या मृत जंगली जानवरों और पौधों के अवैध व्यापार से है। इससे दुनिया के पर्यावरण, जैव विविधता, अर्थव्यवस्था, शासन और स्वास्थ्य पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्य जीवों की तस्करी आज आम है और आज के समय में यह एक संगठित अपराध का रूप धारण कर चुका है। बड़े पैमाने पर दुर्लभ प्रकार के वन्यजीवों की तस्करी से कई जीवों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। पिछले महीने पश्चिम बंगाल के वन अधिकारियों ने जलपाईगुड़ी के जंगलों से तीन कंगारुओं को बरामद किया था। यह दूसरा मौका है, जब उत्तर बंगाल में कंगारुओं की बरामदगी हुई है। हमें यह याद रखना चाहिए कि जीव-जंतु हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं, इन्हें बचाया जाना बहुत जरूरी है। जीवों के बिना मानवजाति का अस्तित्व संभव नहीं है। धरती के पर्यावरण में जीवों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। ये पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण एवं अहम्‌ भूमिका का निर्वहन करते हैं। आज जंगली प्रजातियों की तस्करी पर प्रभावी रोक के लिए निरंतर उपायों को मजबूत करने की आवश्यकता है, तभी जीवों को बचाने की मुहिम सफल हो पायेगी। वास्तव में, वन्यजीवों की तस्करी विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों की जैव विविधता को सीधे प्रभावित करती है। इससे हमारा पारिस्थितिकीय तंत्र पर बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ता है और पूरा का पूरा पारिस्थितिकीय तंत्र बिगड़ जाता है। हमारे देश में वन्यजीव व्यापार पर पूर्ण प्रतिबंध है। लेकिनयह प्रतिबंध देसी वन्यजीवों पर तो लागू है, पर विदेशी वन्यजीव इसके दायरे में नहीं आते। शायद यही कारण भी है कि तस्कर इसी का फायदा उठा कर इन दुर्लभ जीवों के खरीद-फरोख्त को अंजाम दे रहे हैं और जीवों की बैखौफ तस्करी जारी है। जानकारी देता चलूँ कि विदेशी जानवरों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत सूचीबद्ध नहीं किया गया है। इस वजह से तस्करों पर आरोप सिद्ध करना मुश्किल हो जाता है और उनमें जीवों की तस्करी को लेकर कोई भी भय या खौफ नहीं है। जानकारी देता चलूँ कि इस वर्ष की शुरूआत में असम-मिजोरम सीमा के लैलापुर से एक कंगारू, तीन कछुआ, छह नीले मकोव और दो बंदर जब्त किए गए थे। इनमें से कोई भी जीव भारत में नहीं पाया जाता है। वास्तव में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए हम सभी को आगे आना होगा और उनकी रक्षा, उनका संरक्षण करना होगा। तो वास्तव में इसके लिए हम क्या कर सकते हैं और क्या नहीं, इस पर सोच विचार किए जाने की आवश्यकता है। वास्तव में, वन्य जीवों को बचाने के लिए या यूं कहें कि वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सबसे पहले वनों की कटाई पर रोक लगनी चाहिए। वन्य जीव संरक्षण के लिए टीम बनानी चाहिए। शिकारियों पर अंकुश लगना चाहिए।सबसे अहम्‌ व महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें जानवरों के शरीर से बनी चीजों का बहिष्कार करना चाहिए, जिससे कि जानवरों का शिकार बंद हो सके। आज इंसान अपने स्वार्थों को पूरा करने के लिए जानवरों तक कि तस्करी कर रहा है, क्योंकि जानवरों की खालों, नाखूनों, हड्डियों, सींगों से उसे अर्थ या धन की प्राप्ति होती है। वास्तव में, आज के समय में इस पृथ्वी पर सबसे खतरनाक प्रजाति यदि है तो वह मनुष्य ही है। पृथ्वी को सबसे अधिक बर्बाद करने में इसी का योगदान है। वन्य क्षेत्र में मानव की गतिविधियां, आवासीय बस्तियां, अवैध खनन के अलावा शिकार भी हो रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए किवन एवं वन्य जीव हमारी धरा पर अमूल्य धरोहर हैं। ये मानव जीवन के प्रमुख हमसफर हैं। वन पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच हैं तो जानवरों से भी अनेक चीजें हमें प्राप्त होतीं हैं, आदमी कहीं न कहीं जीवों, प्राणियों, जानवरों पर निर्भर है ही। हम वनों और वन्यजीवों जैसे लकड़ी, छाल, पत्ते, रबर, दवाएं, रंजक, भोजन, ईंधन, चारा, खाद, आदि से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न उत्पाद प्राप्त करते हैं। आज भारत में तस्करी होती है। कारण कि भारत एक बड़ा हॉटस्पॉट है ।इसका एक कारण जानवरों को पालतू बनाने की प्रवृत्ति भी है, साथ ही उनका चिकित्सकीय उपयोग भी । इसका मुख्य बाजार चीन और दक्षिण पूर्वी एशिया है , लेकिन वन्यजीवों की तस्करी खाड़ी देशों , यूरोप और उत्तरी अमेरिका में भी की जाती है। जिन भारतीय वन्य प्रजातियों और उनसे बनने वाले उत्पादों की तस्करी भारत से बाहर की जाती है , वे हैं बाघ और तेंदुए की खाल , उनकी हड्डियां और शरीर के अन्य अंग , गैंडे के सींग , हाथी दांत , कछुए , समुद्री घोड़े , सांप का विष , नेवले के बाल , सांप की खाल, टोके गेको, सी कुकुम्बर , चीरू का ऊन, कस्तूरी मृग की कस्तूरी, भालू का पित्त, औषधीय पौधे, लाल चंदन की लकड़ी और पिंजरे में रखे जाने वाले पक्षी जैसे पैराकीट, मैना और मुनिया । अधिकतर लोग यह जानते ही नहीं कि यह अमूल्य प्रजातियां भारत में मौजूद हैं , लेकिन ऐसी प्रजातियां तेजी से लुप्त हो रही हैं । भारत में चीरू की संख्या सिर्फ 25 के करीब बची है ।हाथीदांत और पारंपरिक चिकित्सा के लिए पशु-अंग, विशेष रूप से गैंडे के सींग और बाघ के अंग जैसे कच्चे माल की मांग आज हर तरफ है। असम के काजीरंगा में गैंडे के सींगों की तस्करी के समाचार हम आये दिन अखबारों में पढ़ते हैं। जानकारी देता चलूँ कि विश्व वन्यजीव कोष के अनुसार, वन्यजीव तस्करी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चौथा सबसे बड़ा संगठित अपराध है। इसकी कीमत प्रति वर्ष अनुमानित तौर पर 1500 करोड़ पाउंड है। यह भी गौरतलब है कि जंगली जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन साइट्स का हिस्सा होने के बावजूद भारत वर्तमान में वन्यजीव तस्करी में शीर्ष 20 देशों में से एक है, और हवाई मार्ग द्वारा वन्यजीव तस्करी में शीर्ष 10 देशों में से एक है। भारत में दुनिया के 8% वन्यजीव पाए जाते हैं। भारत की इस विशाल विविधता पूर्ण प्रकृति और घनी मानव आबादी के कारण अवैध वन्यजीव और वन्यजीव उत्पादों के लिए यह एक स्रोत के साथ-साथ एक पारगमन देश यानी कि ट्रांजिट कंट्री दोनों के रूप में कार्य करता है।डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) के स्मगलिंग इन इंडिया रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार, सबसे आम वन्यजीव और वन्यजीव उत्पाद जिन्हें भारत से बाहर तस्करी करते समय जब्त किया गया था, उनमें हाथी दांत, कछुए (विशेषकर भारतीय तारा कछुआ), और लाल चंदन है। फिलहाल भारत से गैंडे के सींग के व्यापार में गिरावट आई है। हालांकि, देश तेजी से पैंगोलिन के अवैध शिकार और तस्करी का एक प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। बाघ के अंगों का व्यापार भी बेरोकटोक जारी है। इसके अलावा, सुनहरे सियार, एशियाई काले भालू, तेंदुआ (तांत्रिक उपयोग और पारंपरिक दवाओं के लिए) और नेवले (नेवले के बाल पेंटब्रश के लिए) के शरीर के अंगों के व्यापार के साथ वन्य जीवों की तस्करी बढ़ी है। अतः हमें जीव जंतुओं को इनकी भूमि, इनके अधिवास इन्हें पुनः लौटाने चाहिए। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 को प्रभावशाली तरीके से क्रियान्वित किया जाना चाहिए। वास्तव में, वन्यजीव हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण कारक है, उनके अस्तित्व के बिना, पारिस्थितिक संतुलन एक असंतुलित स्थिति में बदल जाएगी।

जिस तरह से इस धरती पर मौजूद हर एक प्राणी को अपने अस्तित्व का अधिकार है और इसलिए उन्हें एक उचित निवास स्थान और उनकी शर्तों का अधिकार मिलना चाहिए। वास्तव में वन्य जीव तस्करी के फैलते जाल को रोकने के लिए कानून को और अधिक सख्त, प्रभावी बनाये जाने की जरूरत है। हमें तस्करी करने वालों पर कड़ी चौकसी व नजर रखने की जरूरत है।

इसका एक कारण जानवरों को पालतू बनाने की प्रवृत्ति भी है, साथ ही उनका चिकित्सकीय उपयोग भी। इसका मुख्य बाजार चीन और दक्षिण पूर्वी एशिया है, लेकिन वन्यजीवों की तस्करी खाड़ी देशों, यूरोप और उत्तरी अमेरिका में भी की जाती है। जिन भारतीय वन्य प्रजातियों और उनसे बनने वाले उत्पादों की तस्करी भारत से बाहर की जाती है

# बिजली संकट पर पीएम की चिंता और सरोकार

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

**बिजली** वितरण क्षेत्र में सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते शनिवार को 3 लाख करोड़ के पैकेज की शुरूआत की। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देने पर उन्होंने कहा कि मुफ्त वाली विवादित संस्कृति इस तरह के प्रयासों को निष्फल कर देती है। पीएम मोदी ने कहा कि पावर वितरण कंपनियों पर बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियों का एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। यह इस क्षेत्र में जरूरी सुधारों के लिए एक बड़ी बाधा बन कर उभरी है जो भारत के दुनिया में शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने के लिए महत्वपूर्ण है। यह एक दुष्चक्र है और यह स्पष्ट रूप से मतदाताओं को रिश्वत देने जैसा है। यह एक तथ्य है कि पावर वितरण कंपनियां उन घरों और उद्योगों को बिजली की आपूर्ति रोक देती हैं जो भुगतान करने में चूक करते हैं। लेकिन किसानों को इससे छूट दी जाती है जो अपने खेतों की सिंचाई के लिए बिजली का पंप चलाते हैं और कभी भुगतान नहीं करते। राजनीतिक दल सत्ता में आने पर किसानों के बकाया बिजली बिलों को माफ करने का वादा करके इस प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करते हैं। यह आश्वासन उनके चुनावी घोषणापत्र में भी दिया जाता है। तब ऐसी पार्टियां किसान समर्थक होने का दावा करती हैं। पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियों को मुआवजे के रूप में बगैर सब्सिडी दिये या कम सब्सिडी दिये गरीबों, लोगों के करोड़ों रुपये के बिल माफ कर दिये जाते हैं। यह बिजली वितरण और उत्पादन करने वाली कंपनियों पर भारी आर्थिक बोझ डालता है और बिजली वितरण प्रणाली में सुधार या विकास को रोक देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने खराब भुगतान की पुरानी आदत और देश में ऊर्जा संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। यह संकट 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का है, लिहाजा हालात सामान्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री का बयान भी गंभीर है, आगाह करने वाला है, क्योंकि बिजली भुगतान का बकाया बना रहेगा और बिजली उत्पादक कंपनियों का घाटा बढ़ता रहेगा, तो एक स्थिति यह भी आ सकती है कि बिजली पैदा करने का सवाल खड़ा हो जाए और देश का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबता लगे! यदि मौजूदा बिजली संकट को आम नागरिक के नजरिये से देखें, तो वह मासूम और बेकसूर है।

औसतन नागरिक समयबद्ध तरीके से बिजली के बिल का भुगतान करता है। उसे बिजली कनेक्शन काट दिए जाने का भी भय रहता है। सवाल यह है कि ऐसे भुगतान के अरबों रुपए कहां ठहर जाते हैं या रोक लिए जाते हैं अथवा सबसिडी का भुगतान भी नियमित तौर पर नहीं किया जाता। सरकार के खातों में कई फ्रॉड दफन हैं। उनकी जांच होनी चाहिए। देश में लगभग सभी सरकारें सबसिडी मुहैया कराती हैं, लेकिन उसका यथासमय भुगतान न करने से बिजली वितरण के नुकसान भी बढ़ते रहते हैं। नतीजतन बिजली उत्पादक कंपनियों पर भी व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ते हैं। बीते जुलाई माह तक 1.13 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा राज्यों पर अथवा बिजली वितरण कंपनियों पर बकाया थे, जो उन्हें उत्पादक कंपनियों को देने चाहिए थे। बिजली वितरण कंपनियों का अपना रोना है कि उनका कुल घाटा 5,22,869 करोड़ रुपए का है। यानी जिस संकट का खुलासा प्रधानमंत्री ने देश के सामने किया है, संकट उससे भी ज्यादा गहरा और व्यापक है। सरकारी डाटा के मुताबिक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उप्र और जम्मू-कश्मीर आदि राज्यों और संघशासित क्षेत्र पर सबसे ज्यादा बकाया शेष है। तमिलनाडु पर 25,553 करोड़, महाराष्ट्र पर 19,745 करोड़, उप्र पर 10,755 करोड़ और जम्मू-कश्मीर के हिस्से 10,669 करोड़ रुपए के करीब बिजली भुगतान का बकाया खड़ा है। इनके अलावा मप्र, बिहार, कर्नाटक, हरियाणा, झारखंड, राजस्थान, बंगाल, केरल, पंजाब और आंध्र प्रदेश आदि राज्य भी इसी हम्माम में नंगे हैं। सवाल है कि राज्यों के बिजली बोर्ड या बिजली वितरण कंपनियां, बिजली उत्पादक कंपनियों से, जो बिजली लेती रही हैं, उनका समयबद्ध भुगतान क्यों नहीं करतीं? इसका सीधा असर उत्पादक कंपनियों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, क्योंकि वे अपने आर्थिक दायित्व पूरे नहीं कर पातीं। प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि उत्पादक कंपनियां बेहद वित्तीय संकट में हैं और उनका घाटा 2020 में ही 5 लाख करोड़ रुपए पार कर चुका है। प्रधानमंत्री खुद दखल देकर इसका समाधान निकाल सकते हैं। वे सर्वदलीय और मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं और ऊर्जा-संकट के प्रति सचेत करें। भारत सरकार ने 2016 में बिजली की दर और लागत संबंधी जो नीति तैयार की थी, वह वितरण के नुकसान के 20 फीसदी तक सबसिडी की अनुमति देती है। बिजली कानून के मुताबिक, वितरण कंपनियों को सबसिडी की राशि अग्रिम दी जानी चाहिए। यदि कानून का अक्षरशः पालन किया जाए, तो बिजली पर सबसिडी दी जा सकती है, बिजली सस्ती दी जा सकती है या बिजली की आपर्ति मुफ्त की जा सकती है। राजधानी दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली निःशुल्क है, फिर भी बजटीय घाटा अपनी सीमा में है। दिल्ली पर बकाया मात्र 3 करोड़ रुपए है। यह इसलिए है, क्योंकि सरकार सबसिडी का भुगतान वितरण कंपनियों को नियमित करती रही है। किसी देश का विकास और समृद्धि आमतौर पर उसकी प्रति व्यक्ति आय और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आधार पर निकाला जाता है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि विकास और समृद्धि को मापने का सही तरीका किसी देश की प्रति व्यक्ति बिजली की खपत है, जो भारत अब भी स्वीकार्य स्तर से काफी नीचे है। भारत में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष बिजली की खपत सिर्फ 1200 किलोवॉट आवर है।

बिना रुके लगातार गुणवत्ता वाली बिजली की आपूर्ति औद्योगिक क्षेत्र की जीवन रेखा है। यह सुविधा रोजगार पैदा कर सकती है और भारत के निर्यात को बढ़ा कर आयात को कम कर सकती है। अगर पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियां वितरण नेटवर्क में सुधार करने में असमर्थ हैं तो यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। धन की कमी और बिजली उत्पादन कंपनियों को भुगतान करने में असमर्थता उन्हें असहाय बना देती है। भारत के कुल बिजली उत्पादन का लगभग आधा निजी क्षेत्र (49.5 प्रतिशत) के हाथों में है और शेष बिजली का उत्पादन केंद्र और राज्य सरकारों के हाथों में है। सभी बिजली उत्पादन कंपनियां भुगतान न किये जाने के कारण संकट का सामना कर रही हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री ने जो चिंता और सरोकार व्यक्त किए हैं, वे वित्तीय समस्या से जुड़े हैं। वह दलीय राजनीति नहीं है। राज्य भारत सरकार से भी कर्ज और अनुदान लेते रहे हैं, करों में उनकी जो हिस्सेदारी है, वह भी देर-सबेर उन्हें मिल जाती है, उनका बजट अपने संसाधनों पर आधारित है, फिर भी राज्यों पर कर्ज और बकाए का बोझ बना रहता है। कमोबेश यह विरोधाभास स्पष्ट होना चाहिए। बीते दो दशकों में भारत सरकार भुगतान के बकाए की दुरावस्था का कोई हल नहीं ढूंढ सकी है, लिहाजा बकाया बढ़ता जा रहा है। केरल और हिमाचल प्रदेश में बिजली सबसिडी कंपनियों को देने के बजाय सीधा उपभोक्ता को ट्रांसफर कर दी जाती है, लिहाजा बकाया लटकता नहीं रहता और आम नागरिक तक सबसिडी पहुंच भी जाती है।

दूसरे राज्य भी यह प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री अविलंब मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं, ताकि किसी साझा निष्कर्ष तक पहुंचने की बात आगे बढ़ सके। चूंकि सभी राजनीतिक दल कमोबेश मुफ्त उपहार देने के इस रैकेट में शामिल हो गए हैं, इसलिए सरकार, न्यायपालिका और चुनाव आयोग को मिल कर इन तिकड़मियों पर नकेल कसने के लिए आगे आने की जरूरत है। इसके खिलाफ एक तगड़े झटके की जरूरत है।

# संसद न चलने से आखिर किसको है नुकसान?

प्रियंका

**जब** संसद चलती है तो बात समाज की होती है राष्ट्र की होती है। विरोध या गतिरोध के कारण जब संसद नहीं चलती है तो नुकसान किसका होता है। सदन न चलने की बड़ी कीमत देश चुकाता है, उसके नागरिक चुकाते है। आज मुद्दा संसद की कार्यवाही और आर्थिक नुकसान का है। मुद्दा सदन की गरिमा और उपयोगिता का है। इस बार संसद के दो सप्ताह के मानसून सत्र को बार-बार बाधित होने के कारण स्थगित करना पड़ा। देश का खर्च व्यर्थ जा रहा है, चर्चा का स्तर घटिया होने से संसद की गरिमा को चोट पहुँच रही है आर्थिक नुकसान के साथ वैधानिक नुकसान की कीमत का हम आकलन ही नहीं कर सकते। अगर कानून ही नहीं बनेंगे तो देश कैसे चलेगा। क्या देश इस जाया समय की भरपाई कर पायेगा कभी? देश की जनता सांसद चुनकर इसलिए नहीं भेजती कि वो दिल्ली में जाकर आराम फरमाए और देश के पैसे को जाया होने दे। लोग सांसद इसलिए चुनते है कि वो उनकी आवाज बने, उनकी समस्याओं का समाधान लेकर आये। अगर ऐसे ही संसद ठप्प रही तो जनता और उनकी समस्याओं का क्या होगा। संसद समाज के लिए जरुरी चीजों के लिए बात करने और उनको वास्तविक रूप देने के लिए बनाई गयी है। अगर ऐसे ही चलता रहा तो देश की बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आम मुद्दों का क्या होगा? कौन समाधान ढूंढेगा ? आखिर क्यों प्रश्नकाल और शून्य काल को गर्त में धकेल दिया गया है? देश को समय पर जरूरत के बिल नहीं मिलेंगे तो क्या होगा समाज का, देश का, लोगों का? समाज को जिसकी आज जरूरत है वो कल तक भी नहीं मिले तो क्या रहेगा? समय के साथ नहीं चले तो देश का पिछड़ना तय है। देश का दुर्भाग्य है कि सरकार भी विपक्ष के साथ-साथ इसमें शामिल नजर आती है। संसद के मानसून सत्र में बार-बार व्यवधानों के कारण, स्थगन के कारण, इस सत्र के दौरान अब तक बहुत ही नगण्य कार्य हुआ है। विभिन्न विपक्षी दलों के लगभग दो दर्जन सांसदों को अभद्र व्यवहार और कदाचार के कारण निलंबित भी किया गया। यह, निश्चित रूप से, सरकार और विपक्ष के बीच एक नया फ्लैशपॉइंट बन गया, जिससे आगे हंगामे और व्यवधान पैदा हुए। देश के लिए अनुत्पादक संसद सत्रों, समय और धन के संदर्भ में क्या निहितार्थ हैं? और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब संसद के कामकाज में व्यवधान सामान्य हो गया है, तो यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए कितना चिंताजनक है? आज सवाल देश के लोकतंत्र का है। संसद की गरिमा का है। ऐसा क्यों है कि देश के अहम मुद्दों पर चर्चा को निकालकर भारत के राष्ट्रपति और भारत के उपराष्ट्रपति के चुनावों को सर्वोच्च प्राथमिकता सरकार द्वारा दी जाती है। विपक्षी दल जीएसटी और मुद्रास्फीति जैसे विभिन्न मुद्दों पर सरकार से स्पष्टता और जवाबदेही प्राप्त करने का अवसर खो रहे हैं। दोनों सदनों में विभिन्न दलों के बीच सहयोग और समन्वय की कमी के कारण व्यवधान हैं और पैसे और समय की बबार्दी हैं। संसद में पर्याप्त चर्चा के बिना पारित विधेयकों की गुणवत्ता पर चिंता भी देश को पीछे धकेल रही है। मूल्य वृद्धि पर बहस के लिए विपक्षी दलों के अनुरोध और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर नई जीएसटी दरों पर बहस को लोकसभा अध्यक्ष द्वारा अनुमति नहीं देना, सरकार का अनुत्तरदायी रवैया और ट्रेजरी बेंचों की प्रतिशोधी मुद्रा,विपक्षी दलों का संसदीय मानदंडों का पालन नहीं कर ना मिलकर पूरी संसद को अनुशासन हीन कर रहे हैं। बार-बार व्यवधानों के कारण, स्थगन के लिए बाध्य होने के कारण, सत्र के दौरान आज तक बहुत कम कामकाज हुआ है। 2012 में, सत्र के दौरान संसद चलाने के लिए हर मिनट 2.5 लाख रुपये खर्च किए गए थे। यह संख्या अब काफी अधिक होगी। राज्यसभा और लोकसभा साल भर में औसतन 80 दिनों तक चलती है, और प्रत्येक दिन में लगभग छह घंटे का कार्य होता है। प्रश्नकाल और शून्यकाल में कटौती कार्यपालिका पर संसदीय निरीक्षण के सिद्धांत को कमजोर करती है। इन व्यवधानों के परिणामस्वरूप गुणात्मक बहस और विचार-विमर्श के बिना विधेयकों को पारित किया जाता है। यदि ये व्यवधान जारी रहते हैं, तो इसके परिणामस्वरूप न्यायपालिका का हस्तक्षेप हो सकता है जो शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के विरुद्ध है। संसद को बाधित करने वाले सदस्यों के खिलाफ अवमानना प्रक्रिया शुरू करने का विशेषाधिकार है। इनका प्रभावशाली प्रयोग करके व्यवस्था के भीतर से समाधान निकालना होगा। संसद अपने नियम और विनियम बनाती है, विधायी निकायों के प्रभावी कामकाज के लिए उन नियमों और विनियमों का पालन करना सदस्यों पर निर्भर है। ऐसा कब तक होगा? संसद को व्यक्तिगत स्तर और पार्टी स्तर दोनों पर आंतरिक जांच और संतुलन के साथ आना होगा। बार-बार व्यवधान डालने पर आनुपातिक दंड लगाया जा सकता है। एक संसद व्यवधान सूचकांक तैयार किया जा सकता है जिस पर व्यवधानों का स्वतः निलंबन लागू किया जा सकता है।

## स्वयं की क्षमता, ऊर्जा का विकास

संजीव

**स्वयं** की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदा भी हो सकता है।

भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी कर-के युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता।

# खेल संदेश

## राष्ट्रमंडल खेलः तूलिका मान ने महिलाओं की 78 किग्रा जूडो स्पर्धा में जीता सिल्वर मेडल

**नई दिल्ली।** सीनियर सलामी बल्लेबाज और उप कप्तान के रूप में पहली पसंद लोकेश राहुल के आठ अगस्त को एशिया कप के लिए चुनी जाने वाली भारतीय टीम में तेज गेंदबाज दीपक चाहर के साथ वापसी करने की उम्मीद है। एशिया कप का आयोजन टी20 प्रारूप में दुबई और शारजाह में 27 अगस्त से 11 सितंबर तक होगा। राहुल के जिंबाब्वे के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में वापसी करने की उम्मीद थी लेकिन कोविड-19 संक्रमण के कारण वह हाल में हुई स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह उबरने में नाकाम रहे। यह देखना रोचक होगा कि



चेतन शुर्मा की अगुआई वाली चयन समिति 15 खिलाड़ियों का चयन करती है या फिर सभी संभावित विकल्पों को आजमाने की बात ध्यान में रखते हुए 17 सदस्यीय टीम चुनती है।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया- लोकेश राहुल को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है। जब भी वह टी-20 खेलता है तो हमेशा विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलता है और यही चीज जारी रहेगी। विराट कोहली की फॉर्म भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता है लेकिन इस स्टार बल्लेबाज के तीसरे नंबर के स्थान को फिलहाल कोई खतरा नजर नहीं आता। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कोहली के भविष्य को लेकर कोई विशिष्ट चर्चा नहीं हुई है और अगर वह एशिया कप में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो भी उनके वर्षों के अनुभव और मैच जिताने की क्षमता की अनदेखी आस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए करना मुश्किल होगा।

## मुंबई सिटी एफसी ने जॉर्ज परेरा डियाज से किया करार

**मुंबई ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी मुंबई सिटी एफसी ने अर्जेंटीना के सेंटर फारवर्ड जॉर्ज परेरा डियाज के साथ करार की घोषणा की। डियाज मई 2023 तक एक साल के अनुबंध पर मुंबई सिटी एफसी के साथ जुड़े हैं। डियाज ने कहा कि मैंने भारत में एक सत्र बिताया है लेकिन कुछ ही क्लब हैं जिनकी महत्वाकांक्षाएं मुंबई सिटी जैसी हैं और मुझे लगता है कि यह पिछले सत्र में एशिया में क्लब के प्रदर्शन में साफ दिखा। क्लब के मुख्य कोच डेस बकिंघम ने डियाज को एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी करार दिया और कहा कि आईएसएल में



खेलने का उनका अनुभव उन्हें जल्दी लय हासिल करने में मदद करेगा। डियाज 2021-22 सत्र से पहले भारत पहुंचे थे और आईएसएल फ्रेंचाइजी केरल ब्लास्टर्स के साथ उन्होंने करार किया। उन्होंने टीम के फाइनल तक के सफर के दौरान आठ गोल किए और एक गोल करने में मदद की।

## बिग बैश लीग को खतरा, यूएई लीग के लिए 15 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मोटी रकम की पेशकश

**सिडनी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की इंटरनेशनल लीग (आईएल टी20) ने आस्ट्रेलिया के चोटी के 15 खिलाड़ियों को बिग बैश लीग (बीबीएल) से हटने और उनकी लीग में खेलने के लिए 70,0000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की है, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चिंतित है। इन दोनों लीग का आयोजन एक ही समय में होना है। बिग बैश लीग 13 दिसंबर से चार फरवरी के बीच खेली जाएगी जबकि आईएल टी20 का पहला टूर्नामेंट छह जनवरी से 12 फरवरी के बीच खेला जाना है। इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए दोनों लीग में शामिल होना नामुमकिन है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' के अनुसार कम से कम 15 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को बिग बैश लीग से हटने और यूएई की लीग में खेलने के लिए सात लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की गई है। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ियों के मौजूदा केंद्रीय अनुबंध के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को बीबीएल में खेलने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

# विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी रूपल

**कैली (कोलंबिया)।** उत्तर प्रदेश के एक किसान की बेटी रूपल चौधरी विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। रूपल ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने 4×400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया था।

रूपल उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के शाहपुर जैनपुर गांव की रहने वाली है। उनके पिता किसान हैं। यह 17 वर्षीय एथलीट बेहतरीन फॉर्म में है। उन्होंने तीन दिन के अंदर 400 मीटर की चार दौड़ में हिस्सा लिया। रात को महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में रूपल ने 51.85 सेकेंड के समय के साथ ग्रेट ब्रिटेन की यमी मैरी जॉन (51.50) और कीनिया की दमारिस मुटुंगा (51.71) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले वह उस रिले टीम का हिस्सा थी जिसने मंगलवार को 4×400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। भारतीय टीम ने तीन मिनट 17.76 सेकंड का समय लेकर एशियाई जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। वह अमरीका के बाद दूसरे स्थान पर रही थी। रूपल ने उसी दिन व्यक्तिगत 400 मीटर




दौड़ के पहले दौर में हिस्सा लिया था और उसके बाद वह सेमीफाइनल और फाइनल में उतरी थी। उन्होंने चैंपियनशिप में दो बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पहली बार सेमीफाइनल में उन्होंने 52.27 सेकंड का समय निकाला और फिर फाइनल में इस समय में सुधार किया। इस साल के शुरू में रूपल ने खिताब की प्रबल दावेदार कर्नाटक की प्रिया मोहन को पीछे छोड़ कर राष्ट्रीय अंडर-20 फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था। रूपल विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय हैं। इससे पहले 2018 में हिमा दास ने 51.46 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे।

उन्होंने 2016 में पोलैंड में खेली गई प्रतियोगिता में सोने का तमगा जीता था। रूपल का कांस्य पदक भारत का चैंपियनशिप में कुल नौवां पदक है। इस चैंपियनशिप को पहले विश्व जूनियर चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था। भारत ने पिछली बार कीनिया के नैरोबी में खेली गई चैंपियनशिप में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता था।

## राष्ट्रमंडल खेल : अमित पंघाल सेमीफाइनल में, भारत का मुक्केबाजी में चौथा पदक पक्का

**बर्मिंघम।** अमित पंघाल ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों में फ्लाईवेट (48-51 किग्रा) स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत का मुक्केबाजी रिंग में चौथा पदक पक्का कर दिया। गोल्ड कोस्ट में पिछले चरण के रजत पदक विजेता पंघाल ने स्कॉटलैंड के लेनोन मुलीगन के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले में जीत दर्ज की।

मुकाबला ज्यादा चुनौतीपूर्ण नहीं था लेकिन 26 साल के भारतीय मुक्केबाज ने अपने से युवा स्कॉटिश प्रतिद्वंद्वी को अपने मजबूत रक्षण से थका दिया। पंघाल ने तेज तर्रार जवाबी हमले से बीच बीच में अंक जुटाये। पहले दो राउंड में पंघाल ने 'गार्ड डाउन' रखते हुए मुलीगन को आक्रामक होने के लिये उकसाया लेकिन फुर्ती से उनकी पहुंच से बाहर हो गए। बीच-बीच में उन्होंने बायें हाथ से मुक्के जड़कर 20



साल के प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज को पछाड़ा।

अंतिम राउंड में उन्होंने 'वन-टू'के संयोजन से मुक्के जड़े और राष्ट्रमंडल खेलों में अपना दूसरा पदक पक्का किया। निकहत जरीन (50 किग्रा), नीतू गंघास (48 किग्रा) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) भी सेमीफाइनल में पहुंचकर अपने वर्गों में पदक पक्के कर चुके हैं।

## राष्ट्रमंडल हॉकी : वेल्स को हराकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम।** हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक के दम पर आखिरी लीग मैच में वेल्स को 4-1 से हराकर भारतीय टीम ने पूल बी में शीर्ष पर रहकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले मैच में घाना को 11.0 से और तीसरे मैच में कनाडा को 8.0 से हराने वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड से 4.4 से ड्रॉ खेला था।

विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज मनप्रीत सिंह की टीम प्लस 22 के गोल औसत के साथ पूल बी में शीर्ष रही और अब सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से सामना नहीं करना पड़ेगा बशर्ते इंग्लैंड आखिरी मैच में कनाडा को 15.0 से ना हरा दे।

टोक्यो ओलिम्पिक कांस्य पदक विजेता भारत ने आखिरी लीग मैच में आक्रामक शुरूआत की और दूसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत



ने दो पेनल्टी कॉर्नर तब्दील करके हाफ टाइम तक 2.0 की बढत दिला दी। हरमनप्रीत और गुरजंत सिंह ने आखिरी दो क्वार्टर में एक एक गोल करके बढ़त 4.0 की कर दी। वेल्स के लिए एकमात्र गोल जेरेथ फर्लोंग ने चौथे क्वार्टर में किया। सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार छह अगस्त को खेले जाएंगे।

## राष्ट्रमंडल खेलः सुधीर ने हैवीवेट स्पर्धा में रचा इतिहास, गोल्ड जीतने वाले बने पहले भारतीय

**बर्मिंघम।** भारत के सुधीर ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा के पुरुष हैवीवेट फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। सुधीर राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 212 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड 134.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुधीर हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 217 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहे।

नाइजीरिया के इकेचुकवु क्रिस्टियन उबिचुकवु ने 133.6 अंक के साथ रजत जबकि स्कॉटलैंड के मिकी यूले ने 130.9 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। क्रिस्टियन ने 197 किग्रा जबकि यूले ने 192 किग्रा वजन उठाया। इससे पहले मनप्रीत कौर और सकीना खातून महिला



लाइटवेट फाइनल में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं जबकि पुरुष लाइटवेट फाइनल में परमजीत कुमार तीनों प्रयासों में विफल रहने के बाद अंतिम स्थान पर रहे।

मनप्रीत ने अपने पहले प्रयास में 87 और दूसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाया लेकिन तीसरे प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं। मनप्रीत को 89.6 अंक मिले। दूसरी तरफ सकीना पहले प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहीं लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने इस वजन को उठा लिया। उनका 93 किग्रा का तीसरा प्रयास नाकाम रहा। उन्हें 87.5 अंक मिले। इंग्लैंड की जो न्यूसन ने 101 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 102.2 अंक जुटाकर स्वर्ण पदक जीता। उनकी हमवतन ओलीविया ब्रूम ने 111 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 100 अंक जुटाकर रजत पदक जीता। कीनिया की हेलेन वाविरा कारियुकी ने 97 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 98.5 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष लाइटवेट फाइनल में परमजीत तीन में से अपने किसी भी प्रयास में 165 किग्रा वजन नहीं उठा पाए और प्रतियोगिता से बाहर हो गए। मलेशिया के बोनी बुनयाउ गस्टिन ने अपने तीसरे प्रयास में 220 किग्रा वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड 154.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इंग्लैंड के मार्क स्वान ने 145.5 अंक के साथ रजत जबकि नाइजीरिया के इनोसेंट नामदी ने 132.5 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। स्वान और नामदी ने क्रमशः 202 किग्रा और 190 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। पावरलिफ्टिंग में भार उठाने पर शरीर के वजन और तकनीक के अनुसार अंक मिलते हैं। समान वजन उठाने पर शारीरिक रूप से कम वजन वाले खिलाड़ी को दूसरे की तुलना में अधिक अंक मिलेंगे।

## शतरंज ओलिम्पियाड छठवाँ दिन जॉर्जिया पर धमाकेदार जीत के साथ महिला वर्ग में भारत नें बनाई एकल बढ़त

**मामल्लापुरम।** 44वें शतरंज ओलिम्पियाड में छठवाँ दिन भारत की प्रमुख महिला टीम के नाम रहा और उन्होने खिताब की प्रबल दावेदार और चार बार की ओलंपियाड विजेता जॉर्जिया को पराजित करते हुए ना सिर्फ पदक की ओर आरके और मजबूत कदम बढ़ाया पर साथ लगातार छठी जीत के साथ एकल बढ़त भी कायम कर ली है । आज टीम को जीत का रास्ता दिखाया भारत की सफलतम महिला खिलाड़ी कोनेरु हम्पी नें और उन्होने पहले बोर्ड जॉर्जिया टीम की सबसे बड़ी खिलाड़ी नाना दगनिडजे को सफ़ेद मोहरो से बेनोनी ओपनिंग मे पराजित किया , तीसरे बोर्ड पर वैशाली आर नें अनुभवी लेला जवाखिश्विली को पराजित किया जबकि दूसरे बोर्ड पर हरिका द्रोणावल्ली नें नीनों बतसियशविली से तो चौंथे बोर्ड पर तानिया सचदेव नें सलोमे मेलिया से ड्रॉ खेलते हुए टीम को 3-1 से एकतरफा जीत दिला दी । महिला वर्ग मे रोमानिया नें आज उक्रेन को ड्रॉ पर रोका तो अजरबैजान नें कजाकिस्तान को 3-1 से पराजित किया और अब जहां भारत 12 अंको पर है तो रोमानिया और अजरबैजान 11 अंक तो उक्रेन 10 अंको पर खेल रहा है , भारत की महिला बी टीम नें चेक गणराज्य से ड्रॉ खेला तो सी टीम नें औस्ट्रेलिया को 3-1 से हराया । पुरुष वर्ग में आज पहले टेबल पर भारत की टीम बी नें अर्मेनिया के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया पर जीत के करीब जाकर टीम को हार का सामना करना पड़ा । पहले बोर्ड पर भारत के डी गुकेश नें प्रतियोगिता में अपनी छठी जीत हासिल की और उन्होने सर्गिसियन गेब्रियल को मात दी।

## राष्ट्रमंडल खेल : श्रीशंकर ने लंबी कूद में रजत पदक के साथ रचा इतिहास

**बर्मिंघम।** भारत के मुरली श्रीशंकर ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा लेकिन मोहम्मद अनीस याहिया पांचवें स्थान पर रहे। श्रीशंकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार श्रीशंकर ने अपने पांचवें प्रयास में 8.08 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

स्वर्ण पदक जीतने वाले बहामास के लेकुआन नेर्न ने भी अपनी दूसरी कोशिश में 8.08 मीटर का ही सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। लेकुआन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि 7.98 मीटर का रहा जो श्रीशंकर के 7.84 मीटर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर रहा जिसके कारण उन्हें विजेता घोषित किया गया। साथ ही लेकुआन ने




अपने दूसरे प्रयास में यह दूरी हासिल की और उन्हें हवा से कम सहायता मिली। श्रीशंकर के प्रयास के समय हवा की गति प्लस 1.5 मीटर प्रति सेकेंड जबकि नेर्न के प्रयास के समय माइनस 0.1 मीटर प्रति सेकेंड थी।

दक्षिण अफ्रीका के योवान वान वुरेन ने 8.06 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। श्रीशंकर और याहिया दोनों क्रमशः 8.36 मीटर और 8.15 मीटर के अपने निजी और सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे रहे। अगर ये दोनों अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करते तो भारत को स्वर्ण और रजत पदक मिल सकते थे।

श्रीशंकर क्वालीफाइंग दौर में एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्होंने 8.05 मीटर के साथ आठ मीटर का स्वतः क्वालीफाइंग स्तर हासिल किया था। श्रीशंकर और याहिया छह प्रयास के फाइनल में तीन प्रयास के बाद क्रमशः छठे और आठवें स्थान पर चल रहे थे। बारह खिलाड़ियों के फाइनल में तीन प्रयास के बाद शीर्ष आठ खिलाड़ियों को ही अगले तीन प्रयास करने की स्वीकृति होती है।

## सट्टेबाजी कंपनी का समर्थन करने पर बुरे फंसे शाकिब, जांच करेगा बीसीबी

**ढाका।** बांग्लादेश के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार शाकिब अल हसन फिर से विवादों से घिर गए हैं क्योंकि उनके देश के क्रिकेट बोर्ड ने सट्टेबाजी कंपनी के समर्थन में की गई उनकी हाल की सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2019 में भारतीय सट्टेबाज की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने पर शाकिब पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश के वर्तमान नियमों के अनुसार सट्टे से जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधि को बढ़ावा देना या उसका समर्थन करना निषेध है। रिपोर्ट के अनुसार, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) इस ऑलराउंडर की हाल में सोशल मीडिया डाली गई उस पोस्ट की जांच करेगा, जिसमें उन्होंने ''बेटविनर न्यूज' नामक कंपनी



के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की थी।'

बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा कि शाकिब को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। शाकिब ने लगभग 400 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में 12,000 से अधिक रन और लगभग 650 विकेट लिए हैं। नजमुल ने कहा, 'दो बातें हैं। पहला अनुमति लेने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि हम इस तरह की अनुमति नहीं देंगे। सट्टेबाजी से जुड़ी किसी भी चीज में हम अनुमति नहीं देंगे। इसका मतलब है कि उन्होंने हमसे अनुमति देने के लिए नहीं कहा था। दूसरी बात हम यह जानना चाहते हैं कि क्या उन्होंने करार पर हस्ताक्षर किए हैं या नहीं।'

बीसीबी की बैठक हुई जिसमें शाकिब कि सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया गया। नजमुल ने कहा, 'बैठक में यह मुद्दा उठाया गया और हमने कहा कि यह कैसे हो सकता है क्योंकि यह असंभव है। अगर ऐसा हुआ है तो उनसे तुरंत पूछना होगा। उन्हें नोटिस जारी करो और पूछो कि यह सब कैसे हुआ क्योंकि बोर्ड इसकी अनुमति नहीं देता। यह सट्टेबाजी से जुड़ा है और हम इसकी अनुमति नहीं देंगे।'

## हार्दिक पांड्या को प्रमोशन देने की तैयारी, केएल राहुल की जगह उपकप्तान बनेंगे

**नई दिल्ली।** पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक टीम इंडिया से बाहर रहे हार्दिक पांड्या पर किस्मत मेहरबान हो रही है। फिट होने के बाद टीम इंडिया में लौटे हार्दिक जबरदस्त फॉर्म में दिख रहे हैं। इसी कारण बीसीसीआई ने उनपर भरोसा जताते हुए उन्हें आगामी सीरीज के लिए केएल राहुल की जगह उपकप्तान बनाने का फैसला किया है। राहुल का बतौर कप्तान अभी तक प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं रहा है इसलिए मैनेजमैंट टी-20 विश्व कप से ठीक पहले बड़ा फैसला लेने के मूड में दिख रही है। टी-20 विश्व कप के लिए अनुमानित 15 सितंबर को टीम की घोषणा की जाएगी, इसमें हार्दिक पांड्या को टी 20 विश्व कप के लिए उप-कप्तान बनाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी क कहना है कि हार्दिक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। वह अब फिट हैं। उन्हें उपकप्तान बनाया जाएगा या नहीं यह चयनकर्ताओं पर निर्भर है। लेकिन वह पहले से ही समूह में एक नेता है। एक ऑलराउंडर के तौर पर वह दोनों स्थितियों को समझते हैं। उनके पास नेतृत्व कौशल है जोकि हमने आईपीएल में बाखूबी देखा।



**इसलिए हार्दिक पर बढ़ गया भरोसा**

हार्दिक ने आईपीएल में वापसी कर 15 मैचों में 487 रन बनाए।आईपीएल फाइनल में गेंदबाजी करते 3 विकेट चटकाए, टीम को टाइटल दिलाया। टीम इंडिया में खेलते हुए 12 मैचों में 31 की औसत से 253 रन बना चुके हैं। केएल राहुल चोट के कारण बाहर हैं इसलिए साऊथ अफ्रीका सीरीज में वह उपकप्तान रहे। आयरलैंड में अपनी कप्तानी में 2 टी-20 मैचों की सीरीज जीती।

**बीसीसीआई अधिकारी की दो-टूक**

ऑलराउंडर होने के नाते अपने वर्कलोड को मैनेज करना महत्वपूर्ण है। हमारे पास बहुत सारे टी-20 और एकदिवसीय मैच हैं और एक ऑलराउंडर के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना संभव नहीं होगा। हार्दिक अब सफेद गेंद के प्रारूपों पर ध्यान केंद्रित करेगा। जहां तक टेस्ट की बात है तो हमारे पास ऑलराउंडर स्लॉट के लिए जडेजा और शार्दुल हैं जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। एक बार जब दीपक चोट से वापस आ जाएंगे तो उन्हें टेस्ट टीम में रखा जाएगा।

# विदेश संदेश

## पाकिस्तानः राष्ट्रीय ध्वज बेच रहे दुकान पर ग्रेनेड से हमला, एक की मौत

**बलूचिस्तान :** दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज बेच रही एक दुकान पर को संदिग्ध अलगाववादियों ने ग्रेनेड फेंका, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। अभी किसी ने क्वेटा में हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। यह हमला सड़क किनारे बनी एक दुकान पर हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी फिदा हुसैन ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता वासिम बेग ने बताया कि एक घायल की हालत गंभीर है। गौरतलब है कि बलूचिस्तान में अलगाववादी इस्लामाबाद में केंद्र सरकार से आजादी की मांग करते रहे हैं। सरकार का कहना है कि उसने उग्रवाद को खत्म कर दिया है लेकिन इस प्रांत में हिंसा अब भी होती रहती है।

## तेजी से फैल रहा मंकीपॉक्स, अमेरिका ने किया हेल्थ इमरजेंसी का ऐलान

**वाशिंगटनः** अमेरिका तेजी से फैल रहे 'मंकीपॉक्स' के प्रति सरकारी जवाबी कार्रवाई को बढ़ाने के लिए इस बीमारी को जन स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया है। देश में पहले से ही 6600 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। इस घोषणा से इस वायरस का मुकाबला करने के लिए संघीय धन एवं



संसाधनों को लगाने में मदद मिलेगी। इस मामले से जुड़े लोगों ने इस घोषणा से पहले अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर इसकी जानकारी दी। यह घोषणा ऐसे समय होने जा रही है जब बाइडेन प्रशासन मंकीपॉक्स के टीके की उपलब्धता को लेकर आलोचनाओं का सामना कर चुका है। न्यूयार्क और सान फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों में क्लीनिकों का कहना है कि मांग को पूरा करने के लिए उन्हें दो खुराक वाले टीके की पर्याप्त मात्रा नहीं मिली है। कुछ को तो पहली खुराक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दूसरी खुराक देना बंद करना पड़ा।

## अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी को रूस में नौ साल की जेल, बाइडन बोले- यह अस्वीकार है

**मास्कोः** एक रूसी अदालत ने अमेरिकी बास्केटबॉल स्टार ब्रिटनी ग्रिनर को ड्रग तस्करी के आरोप में नौ साल जेल की सजा सुनाई है। जब 31 वर्षीय ग्रिनर को हथकड़ी लगाकर अदालत कक्ष से बाहर ले जाया जा रहा था, तो उसे यह कहते हुए सुना गया, ÷मैं अपने परिवार से प्यार करती हूं।' ग्रिनर के वकील मारिया ब्लागोवोलिना ने कहा कि उनका मुवक्किल 'बहुत परेशान और बहुत तनावग्रस्त' थीं। 'वह मुश्किल से बात कर सकती है। यह उनके लिए मुश्किल समय है। जब हमने मंगलवार को ब्रिटनी को देखा, तो हमने उससे कहा था कि मिलते हैं'। इसपर उन्होंने कहा, 'प्रलय के दिन मिलते हैं', तो ऐसा लगता है कि वह सही थीं।'

**करीब 13 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**

रूसी कोर्ट के मुताबिक, अदालत ने आरोपी को प्रतिबंधित नशीला पदार्थ रखने का दोषी पाया है। रूसी जज अन्ना सोतनिकोवा ने मॉस्को के खिमकी शहर में 31 वर्षीय ग्रिनर को नौ साल जेल की सजा सुनाते हुए उन पर 10 लाख रूबल (करीब 13 लाख रुपये) का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सजा को एकतरफा और अस्वीकार बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने कहा, रूस या कोई भी देश जो गलत तरीके से किसी को हिरासत में लेता है, वह देश विदेश यात्रा करने, काम करने और विदेश में रहने वाले सभी लोगों की सुरक्षा के लिए खतरे का प्रतिनिधित्व करता है। रूस की कोर्ट के इस फैसले के फौरन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक बयान जारी कर नाराजगी जताई है। अपनी त्वरित प्रतिक्रिया में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस ने गलत तरीके से ब्रिटनी को हिरासत में लिया है। मैं रूस से उनको तुरंत रिहा करने की अपील करता हूं ताकि वो अपने परिवार और साथियों के साथ रह सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह ग्रिनर को वापस लाने की हर संभव प्रयास करेंगे। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि ब्रिटनी ग्रिनर वास्तव में सलाखों के पीछे कितना समय बिताएंगी।

## लगातार दूसरे दिन ताइवान के एयरस्पेस में घुसे चीनी जेट्स:चीन ने पेलोसी पर प्रतिबंध लगाए, कहा- हमारे आंतरिक मामलों में दखल देकर गलती की

**बीजिंग/ताइपे।** चीन ने नैंसी पेलोसी पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। हालांकि चीन ने किस तरह के प्रतिबंध लगाए हैं, ये स्पष्ट नहीं हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा- पेलोसी ने हमारे विरोध के बावजूद ताइवान का दौरा किया। ये हमारे लिए गंभीर मुद्दा है। विदेश मंत्री वांग यी ने कहा- स संसद की स्पीकर ने हमारे आंतरिक मामलों में दखल दिया है। उन्होंने वन-चाइना पॉलिसी का उल्लंघन किया है। चीन के विरोध के बावजूद पेलोसी ने ताइवान जाकर क्षेत्र की शांति को खतरे में डाला है।

इधर, ताइवान के पास हो रही मिलिट्री ड्रिल के दूसरे दिन चीन के फाइटर जेट्स ताइवान के एयरस्पेस में घुस गए। ताइवानी डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा- शुक्रवार सुबह 20 चीनी फाइटर जेट्स और 10 वॉरशिप ने ताइवान स्ट्रैट



की मीडियन लाइन को पार किया है। वे जानबूझकर ताइवान स्ट्रैट को पार करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने एहतियात के तौर पर मिसाइल सिस्टम तैनात कर दिया है। हम चीन की हरकत पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मॉनिटरिंग के लिए कुछ एयरक्राफ्ट और शिप को रवाना किया गया है। चीन की आर्मी ताइवान के इर्दगिर्द 6 इलाकों में ये सैन्य अभ्यास कर रही है। मिलिट्री एक्सरसाइज के पहले दिन चीन के 100 से अधिक फाइटर जेट्स ने ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी एयरस्पेस में उड़ान भरी थी।

**मिलिट्री ड्रील की वजह**

दरअसल, अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान विजिट को लेकर चीन और ताइवान के बीच विवाद बढ़ गया था। 2 अगस्त को पेलोसी ताइवान पहुंची थीं। उनके लौटते ही चीन ने ताइवान के पास 4 अगस्त को मिलिट्री ड्रिल शुरू कर दी।

**जापान पहुंचीं नैंसी**

इसी बीच, ताइवान विजिट के बाद नैंसी पेलोसी जापान पहुंचीं। उन्होंने चीनी सैन्य अभ्यास की निंदा की। पेलोसी ने कहा- अमेरिकी अधिकारियों को ताइवान यात्रा करने से रोककर चीन ताइवान को अलग-थलग नहीं कर सकता। हम ताइवान को आइसोलेट नहीं होने देंगे। अमेरिका चीन को ऐसा करने से रोकेगा।

**कल 11 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं**

ये एक्सरसाइज 7 अगस्त तक चलेगी। सैन्य अभ्यास के पहले दिन चीन के 100 से अधिक फाइटर जेट्स ने ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और दक्षिण-पूर्वी एयरस्पेस में उड़ान भरी थी। ताइवान के उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पश्चिमी तट के पास 11 डोंगफेंग बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी थीं।

**चीन की मिसाइलें जापान के इलाके में गिरीं**

चीन की ओर से दागी गई 5 बैलिस्टिक मिसाइलें जापान के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन में गिरीं। जापान के रक्षा मंत्री नोबुओ किशी ने बताया कि डिप्लोमैटिक चैनल के जरिए इस घटना का विरोध दर्ज कराया गया।


**नक्शे से समझिए कहां हो रहा सैन्य अभ्यास**

चीन ने इस मिलिट्री एक्सरसाइज को 'लाइव फायरिंग' नाम दिया है। चीन के सरकारी मीडिया के मुताबिक, यह मिलिट्री ड्रिल ताइवानी तट से सिर्फ 16 किमी दूर की जा रही है।

इसमें असली हथियारों और गोला-बारूद का इस्तेमाल किया जा रहा है। चीन पहले यह ड्रिल ताइवान से करीब 100 किमी दूर करता था, लेकिन नैंसी के दौरे के बाद अब बेहद नजदीक पहुंच गया है।

## थाईलैंड के नाइट क्लब में भीषण आग, 40 की मौत, 10 बुरी तरह झुलसे

**बैंकॉक।** थाईलैंड में शुक्रवार एक नाइट क्लब में जबर्दस्त आग लग गई। आग की चपेट में आने





से 40 लोगों की मौत और 10 बुरी तरह झुलस गए हैं। नाइट क्लब में आग की घटना चोनुबरी प्रांत के सट्टाहिप जिले में हुई। यह थाईलैंड की राजधानी बैंकाक के दक्षिण पूर्व में स्थित है। पुलिस कर्नल वुटिपोंग सोमजाई के अनुसार माउंटेन बी नाइट क्लब में आग बीती रात करीब एक बजे लगी। हताहतों में शामिल सभी लोग थाईलैंड के नागरिक बताए गए हैं। राहत व बचाव कार्य में जुटे सवांग रोजनाथम्मासथान फाउंडेशन के हवाले से बैंकाक पोस्ट ने खबर दी है कि आग में झुलसने से 40 लोगों की मौत हो गई है। यह नाइट क्लब रंगीन रातों के लिए मशहूर था। यहां बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक भी पहुंचते थे। सोशल मीडिया में वायरल आग के वीडियो में लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागते देखा जा रहा है। लोग जान बचाने के लिए चीखते नजर आए। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल रहा है।

## ताइवान को अलग-थलग करने की इजाजत चीन को नहीं, टोक्यो पहुंचीं पेलोसी ने सुनाई खरी-खरी

**टोक्यो।** एशिया यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी शुक्रवार को जापान पहुंच गईं। यहां पहुंचते ही पेलोसी ने चीन को खरी-खरी सुनाई। उन्होंने कहा, चीन ने उनके दौरे को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल किया और ताइवान पर हमला बोला। पेलोसी ने कहा, चीन ताइवान को अलग-थलग करना चाहता है, लेकिन हम उसे यह करने की अनुमति नहीं देते हैं।

**यथास्थिति बदलने के लिए नहीं थी ताइवान यात्रा**

पेलोसी ने टोक्यो में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हम यहां एशिया में ताइवान की यथास्थिति बदलने के लिए नहीं हैं, बल्कि ताइवान संबंध अधिनियम, स-चीन नीति, सभी कानूनों और समझौतों



की वजह से हैं। हम चाहते हैं कि ताइवान में शांति कायम रहे। उन्होंने कहा, मुझे ताइवान की यात्रा करने से चीन नहीं रोक सकता है। वह मेरी यात्रा का कार्यक्रम नहीं तय करेगा। उन्होंने कहा, अमेरिका और ताइवान की दोस्ती मजबूत है, यह द्विदलीय है और ताइवान में शांति और यथास्थिति के लिए सदन और सीनेट का भारी समर्थन है।

**दो बड़े देशों के बीच होना चाहिए संवाद**

नैंसी पेलोसी ने कहा, अमेरिका और चीनी राष्ट्रपति के बीच संवाद होता है। ऐसे दो बड़े देशों के बीच संवाद होना ही चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हम चीन में व्यावसायिक हितों के कारण मानवाधिकारों पर नहीं बोलते हैं, तो हम दुनिया में कहीं भी मानवाधिकारों के बारे में बोलने के सभी नैतिक अधिकार खो देते हैं।

**किशिदा से मिलीं पेलोसी**

नैंसी पेलोसी जापान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से भी मिलीं। इस दौरान किशिदा ने ताइवान की ओर दागी गईं चीनी मिसाइलों के जापान में गिरने को एक गंभीर समस्या बताया। उन्होंने कहा कि मिसाइल प्रक्षेपणों को तुरंत रोके जाने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि चीन ने पेलोसी की ताइवान यात्रा को उकसावा बताया था और ताइवान के आसपास के छह क्षेत्रों में मिसाइल दागने समेत सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया था। उसने धमकी दे रखी है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह ताइवान पर बलपूर्वक कब्जा जमा लेगा।

## टीवी डिबेट में ट्रस पर भारी पड़े सुनक, कंजरवेटिव सदस्यों का जीता दिल

**लंदन।** ब्रिटेन के नए पीएम पद की रेस में भारतवंशी पूर्व वित्त मंत्री ऋषि सुनक एक बार फिर भारी पड़ते नजर आए हैं। टेलीविजन पर उनके और उनकी प्रतिद्वंद्वी ब्रिटिश विदेश मंत्री लिज ट्रस के बीच हुई बहस में सुनक ने कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों का दिल जीत लिया।

ब्रिटेन में सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी पीएम बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद नए प्रधानमंत्री चुनने की राह पर है। इसे लेकर सुनक व ट्रस द्वारा समर्थन जुटाने का सिलसिला जारी है। गत दिवस टीवी पर हुई बहस में सुनक ने कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों का व्यापक समर्थन हासिल किया।


स्काई न्यूज पर गुरुवार रात प्रसारित 'द बैटल फॉर नंबर 10' कार्यक्रम में दोनों प्रतिद्वंद्वियों को कंजरवेटिव सदस्यों के आमने-सामने बैठाया गया। ये सदस्य ही नए पीएम का चुनाव करेंगे। हालांकि, अधिकतर दर्शक अपने वोट को लेकर अनिर्णय की अवस्था में नजर



आए। बहस में दोनों दावेदारों ने ब्रिटिश पीएम निवास '10 डाउनिंग स्ट्रीट' पर काबिज होने के लिए अपने तर्क पेश किए। बहस के बाद दर्शकों से पूछा गया कि उन्हें किसके तर्क दमदार लगे तो ज्यादातर ने सुनक के पक्ष में हाथ उठाए। यह समर्थन सुनक के लिए प्रोत्साहनकारी होगा, क्योंकि वे ताजा जनमत जनमत सर्वेक्षण में ब्रिटिश विदेश मंत्री लिज ट्रस से पीछे चल रहे हैं। टोरी सदस्यों के बीच कराए गए हालिया सर्वेक्षण में ट्रस को सुनक से 32 फीसदी आगे बताया गया है। पूर्व वित्त मंत्री सुनक इस बहस के दौरान भी पहले की तरह अपने मुख्य मुद्दे पर अड़े रहे। उन्होंने ब्रिटेन में करों में कटौती से पहले बढ़ती महंगाई पर काबू पाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि करों में कटौती से स्थिति और खराब होगी। उन्होंने कहा कि करों में कटौती से पहले बढ़ती मुद्रास्फीति को काबू में करने की जरूरत है। हमें हालात को गंभीर नहीं बनाना है। यदि हम महंगाई बढ़ाने वाले उपाय करेंगे तो हम सभी झुलसेंगे। ब्याज व बचत दरें बढ़ेंगी और लाखों लोगों पर असर पड़ेगा।

## मिनेसोटा के मॉल ऑफ अमेरिका में गोलीबारी

**मिनेसोटा (अमेरिका)।** मिनेसोटा के मॉल ऑफ अमेरिका ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत फैल गई। हैरानी यह है कि बंदूकधारी हमलावर पैदल भाग गया। इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।



ब्लूमिंगटन पुलिस के अनुसार संदिग्ध बंदूकधारी हमलावर गोलीबारी करने के बाद पैदल ही मॉल से भाग गया। पुलिस ने कहा कि फिलहाल किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है। गोलीबारी से पहले पहले मॉल को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। शापिंग सेंटर के अंदर कम से कम तीन गोलियां चलाई गई हैं।

इस गोलीबारी के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों ने साझा किए हैं । एक वीडियो फुटेज में ब्लूमिंगटन पुलिस को बंदूकधारी की तलाश करते हुए देखा गया। एक अन्य वीडियो में तीन शॉट सुने जा सकते हैं।

## 6 लोगों ने की अंतरिक्ष की सैर:पृथ्वी से 107 किलोमीटर ऊपर गए, फिर पैराशूट से नीचे आए; एक टिकट करीब 10 करोड़ की

**वाशिंगटनः** अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन ने छह लोगों को स्पेस टूरिज्म के लिए अंतरिक्ष भेजा। कंपनी के न्यू शेपर्ड स्पेसक्राफ्ट ने टेक्सास की लॉन्च साइट वन से उड़ान भारी। यह स्पेसक्राफ्ट यात्रियों को पृथ्वी से 107 किलोमीटर ऊपर ले गया और फिर वहां से पैराशूट के जरिए लोग धरती पर वापस आए।

**ब्लू ओरिजिन ने बनाया रिकॉर्ड**

इस फ्लाइट के साथ ब्लू ओरिजिन ने नया वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना लिया है। पहली बार मिस्र और पुर्तगाल के लोग स्पेस टूरिज्म का हिस्सा बने। इंजीनीयर सारा साबरी अंतरिक्ष की यात्रा करने वाली पहली मिस्री और



बिजनेसमैन मारियो फेरेरा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले पुर्तगाली बनें। इस यात्रा में डूड परफेक्ट के को-फाउंडर कोबी कॉटन, ब्रिटिश-अमेरिकी पर्वतारोही वैनेसा ओ 'ब्रायन, टेक्नोलॉजी लीडर क्लिंट केली III और टेली कम्युनिकेशन एग्जीक्यूटिव स्टीव यंग भी शामिल थे।

**10 मिनट में पूरी हुई यात्रा**

इस स्पेस मिशन में सिर्फ 10 मिनट 20 सेकंड का ही समय लगा। इस दौरान स्पेसक्राफ्ट की अधिकतम रफ्तार 2,239 मील प्रति घंटे यानी 3603 किलोमीटर प्रति घंटे रही।

**ऐसा होता है अंतरिक्ष का सफर-** न्यू शेपर्ड स्पेसक्राफ्ट में एक रॉकेट और एक कैप्सूल है। इस कैप्सूल को प्रक्षेपित किया जाता है। लिफ्टऑफ होने के बाद से कैप्सूल के धरती पर लैंड होने तक का समय 10-11 मिनट का होता है। अंतरिक्ष यात्री इस दौरान कुछ देर तक खुद को हल्का महसूस करते हैं।पैराशूट के जरिए कैप्सूल के लैंड करने से कुछ मिनट पहले रॉकेट लैंड करता है। खास बात यह है कि यह दोनों ही रियूजेबल हैं यानी इन्हें दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। यह रॉकेट स्पेसएक्स के फाल्कन 9 ऑर्बिटल रॉकेट की तरह काम करता है।

**लगभग 10 करोड़ रुपए की एक टिकट**

क्वार्ट्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लू ओरिजिन के स्पेसक्राफ्ट की एक टिकट की कीमत 1.25 मिलियन डॉलर यानी 9,89,73,750 रुपए है। यह रिचर्ड ब्रैनसन की कंपनी वर्जिन गैलेक्टिक की टिकट की कीमत से कहीं ज्यादा है।

**पिछले साल शुरू हुआ था मिशन-** ब्लू ओरिजिन अब तक कुल छह बार लोगों को अंतरिक्ष यात्रा करा चुका है। इस तरह कंपनी ने अब तक कुल 31 लोगों को स्पेस की यात्रा कराई है। ब्लू ओरिजिन ने पिछले साल जुलाई में बेजोस समेत तीन लोगों को स्पेस भेजकर इस मिशन की शुरुआत की थी।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अमेरिका में मंकीपॉक्स सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित

**वाशिंगटन ।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने मंकीपॉक्स को गुरुवार को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया है। यह घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्वास्थ्य सचिव जेवियर बेसेरा ने की।

स्वास्थ्य सचिव जेवियर बेसेरा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा- " नागरिक मंकीपॉक्स को गंभीरता से लें। यह प्रभावी कदम राष्ट्रपति के इसके प्रकोप से निपटने के उपायों के तहत उठाया गया है। स्वास्थ्य कार्यकताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बढ़ते मरीजों पर गंभीर चिंता जताई है।"

इस बीच बाइडेन ने आपातकालीन प्रतिक्रिया अधिकारी और सम्मानित संक्रामक रोग विशेषज्ञ को व्हाइट हाउस में समन्वय करने के लिए नामित किया है। अमेरिका में मंकीपॉक्स के बढ़ते मरीजों की वजह से वैक्सीन जिनियोस की आपूर्ति बाधित हुई है। उल्लेखनीय है कि बुधवार तक संयुक्त राज्य अमेरिका में लगभग 7,000 मंकीपॉक्स के मरीज सामने आ चुके हैं। हालांकि अभी तक संयुक्त राज्य में इस बीमारी से कोई मौत नहीं हुई है।

## रेड लाइट पर चलती कार से गिरा बच्चा, पिता ने पीछे मुड़ कर तक नहीं देखा 'केयरलेस पेरेंट्स' की सामने आई हैरतअंगेज

**बीजिंगः** चीन में एक पैरेंट्स की बड़ी लापरवाही का एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, वीडियो में रेड लाइट पर चलती कार से एक बच्चा गिर जाता है और बेखौफ पिता बिना पीछे देखे गाड़ी आगे ले जाता है। यह घटना चीन के निंग्बो शहर की है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि रेड लाइट पर सफेद रंग की कार की खिड़की से एक बच्चा लटकता हुआ नजर आ रहा है। इसी बीच ग्रीन सिग्नल होता है और बच्ची कार की खिड़की से नीचे गिर जाता है और बाकी कारों के साथ यह कार भी आगे चली जाती है लेकिन इस बीच शुक्र है कि रोड से गुजर रहे दूसरों लोगों की बच्चे पर नजर पड़ती है और बच्चे को गोद में उठा लेते है। इस तरह बच्चा किसी बड़ी सड़क दुर्घटना से बाल-बाल बच जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। कार की खिड़की से नीचे गिरने की वजह से उसे हल्की चोटें आई हैं। वहीं इस पूरी घटना का वीडियो वहां लगे सीसीटीवी में पूरी कैद हो गया। वीडियो देखने के बाद यूजर्स ने इस घटना को हैरतअंगेज बताया है। यूजर्स का कहना है कि आखिर कोई इतना ज्यादा लापरवाह कैसे हो सकता है।